कोटद्वार, बुधवार
1 मई 2024
वर्ष: 45
अंक: 353 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

# उत्तराखंड विद्यायली शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित

● इंटरमीडिएट में 82.63 व हाईस्कूल में 89.14 प्रतिशत रहा कुल परीक्षाफल ● शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने टॉपर्स से की बात, छात्र–छात्राओं को दी बधाई कहा, शिक्षा विभाग ने तय समय पर रिजल्ट जारी कर रचा इतिहास

देहरादून। उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद ने 10वीं एवं 12वीं कक्षाओं के बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट जारी कर दिया है। परिषदीय परीक्षा–2024 के तहत इंटरमीडिएट का कुल परीक्षाफल 82.63 प्रतिशत जबकि हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 89.14 फीसदी रहा। जोकि विगत वर्ष की तुलना में अधिक रहा। शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुये उनके बेहतर भविष्य के लिये शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने तय समय पर बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी करने पर शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की जमकर तारीफ की।

हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव प्रचार में जुटे प्रदेश के शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने उत्तराखंड विद्यायली शिक्षा परिषद द्वारा बोर्ड परीक्षा–2024 के परीक्षाफल जारी करने पर खुशी जताई। उन्होंने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण सभी छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों को बधाई। विभागीय मंत्री ने तय समय पर बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी करने पर शिक्षकों एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की पीठ थपथपाई। उन्होंने कहा कि विभाग ने निर्धारित समय पर रिजल्ट जारी कर इतिहास रचा है। डा. रावत ने कहा कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट विगत वर्ष की तुलना में शानदार रहा है। हाईस्कूल में जहां कुल परीक्षा परिणाम 89.14 फीसदी रहा वहीं इंटरमीडिएट में 82.63 फीसदी रहा। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.59 तथा बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 92.54 रहा। इसी तरह इंटरमीडिएट में बालकों का उत्तीर्ण प्रतिशत 78.97 फीसदी जबकि बालिकाओं का उत्तीर्ण प्रतिशत 85.96 रहा है। डा. रावत ने बोर्ड परीक्षाओं में बालिकाओं शानदार प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी



बालिकाओं ने बोर्ड परीक्षा में बाजी मारी है जो प्रदेश में बालिका शिक्षा के प्रोत्साहन के प्रति राज्य की दृढ इच्छाशक्ति को भी प्रदर्शित करती है।

शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने बताया कि इस वर्ष हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा के लिये 115666 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण किया था। जिसमें से 112377 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी और 100179 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। जिसमें से संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 89.56 जबकि व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 58.80 रहा। इसी प्रकार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के लिये 94255 परीक्षार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया था जिसमें 92020 छात्र–छात्राओं ने परीक्षा दी जिसमें 76039 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुये। इसमें संस्थागत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 83.76 तथा व्यक्तिगत परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत 54.14 रहा।

विभागीय मंत्री डा. रावत ने बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी होने के उपरांत संयुक्त श्रेष्ठता सूची में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावकों से दूरभाष पर बात कर उन्हें इस सफलता के लिये बधाई दी। डा. रावत ने हाईस्कूल में शतप्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पिथौरागढ़ की प्रियंशी रावत से बात की और उन्हें भविष्य की शुभकामनाएं दी।

डा. रावत ने कहा कि शीघ्र ही मुख्यमंत्री आवास में सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा जिसमें बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथों सम्मानित किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने बोर्ड परीक्षा में फेल होने वाले छात्र–छात्राओं को निराश न होने को कहा और दोबारा कड़ी मेहनत करने को कहा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही विभाग द्वारा अंक सुधार परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसमें एक या दो विषय में अनुत्तीर्ण छात्र–छात्राएं प्रतिभाग कर सकेंगे।

## राज्यपाल ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद द्वारा जारी कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा है कि विद्यार्थियों ने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव पार किया है, जो उनकी मेहनत और लगन का परिणाम है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सफल छात्र–छात्राएं भविष्य में भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर रहेंगे तथा समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपना अमूल्य योगदान देंगे।

## श्रेष्ठता सूची में ये रहे अव्वल

हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की श्रेष्ठता सूची में शतप्रतिशत अंक लाकर जे.बी.एस. बालिका इंटर कॉलेज गंगोलीहाट, पिथौरागढ़ की छात्रा प्रियंशी रावत ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। जबकि जनता एच.एस.एस. मनीपुर चाका, रूद्रप्रयाग के छात्र शिवम मलेथा ने 99.60 फीसदी अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर एस.वी.एम. इंटर कॉलेज श्रीकोट गंगानाली, पौड़ी गढ़वाल के छात्र आयुष रहे जिन्होंने 99 फीसदी अंक प्राप्त किये।

इसी प्रकार इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विवेकानंद इंटर कॉलेज रानीधारा रोड़, अल्मोड़ा के छात्र पीयूष खोलिया एवं एचजीएस एसवीएम इंटर कॉलेज कुसुमखेड़ा हल्द्वानी, नैनीताल की छात्रा कंचन जोशी ने संयुक्त रूप से कुल 97.60 प्रतिशत अंक हासिल कर श्रेष्ठता सूची में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ए.पी. इंटर कॉलेज जवाहर नगर रूद्रप्रयाग के छात्र अंशुल नेगी ने 97 फीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एस.वी.एम इंटर कॉलेज आवास विकास ऋषिकेश, देहरादून के छात्र हरीश चंद्र बिजल्वाण एवं गोस्वामी गणेश दत्त एस.वी.एम इंटर कॉलेज उत्तरकाशी के छात्र आयुष अवस्थी ने संयुक्त रूप से कुल 96 फीसदी अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# देहरादून के गोविंदगढ़ में 15 झोपड़ियों में आग लगने का मुख्यमंत्री धामी ने लिया संज्ञान

● जिलाधिकारी को यथासंभव मदद उपलब्ध कराने के दिये सीएम ने निर्देश ● सीएम के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने 40 पैकेट राशन मौके पर भेजा, और भी की जाएगी मदद

देहरादून। देहरादून के गोविंदगढ़ में स्थित बस्ती में 15 झोपड़ियों में आग लगने से नुकसान होने के मामले का मुख्यमंत्री धामी ने संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी देहरादून को पीड़ितों की यथासंभव सहायता के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि आज मौके पर 40 राशन के बैग भेजे जा रहे हैं। साथ ही जो भी अन्य सहायता अपेक्षित होगी जिला प्रशासन के स्तर से की जायेगी। देहरादून के गोविंदगढ़ में एक प्लाट में बनी कई झोपड़ियों में सोमवार को आग लग गयी थी, जिससे पूरा सामान जलकर राख हो गया। इनमें 15 झोपड़ियां पूरी तरह से जल गई थी।

इस मामले का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने तत्काल संज्ञान लिया है। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देश दिए हैं कि इस घटना के पीड़ितों की यथासंभव मदद की जाए। तत्क्रम में जिलाधिकारी की ओर से गोविंदगढ़ में प्रभावित लोगों को 40 पैकेट राशन के भेजे जा रहे हैं। इसके अलावा पीड़ितों की हर संभव मदद जिला प्रशासन के स्तर से की जाएगी।

# भानियावाला निवासी मेजर प्रणव नेगी लेह में ड्यूटी के दौरान शहीद

देहरादून। भानियावाला के संगतियावाला गांव निवासी एक मेजर लेह में हाई एटीट्यूड पर ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। मेजर के शहीद होने की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया। 18 आर्टिलरी बटालियन में तैनात सुदर्शन नेगी के बेटे मेजर प्रणव नेगी (36) लेह में ड्यूटी पर थे। मंगलवार सुबह सेना मुख्यालय से मेजर प्रणव के परिजनों को सूचना मिली कि स्वास्थ्य खराब होने से वह शहीद हो गए हैं। मेजर के शहीद होने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मेजर के रिश्तेदारों और आसपास के लोगों ने शहीद मेजर के घर जाकर परिजनों को सांत्वना दी। शहीद मेजर तीन भाई–बहनों सबसे बड़े थे। तीन साल पहले ही मेजर की शादी हुई थी। उनका डेढ़ साल का एक बेटा है। चाचा नरेंद्र नेगी के मुताबिक, लेह में हाई एटीट्यूड में तैनाती के दौरान ऑक्सीजन की कमी से स्वास्थ्य बिगड़ने पर मेजर शहीद हो गए।प्रणव नेगी 2013 में आईएमए से पासआउट होकर सेना में लेफ्टिनेंट बने थे। वो मूल रूप से थाती डांगर गांव कीर्तिनगर टिहरी के रहने वाले थे। मेजर प्रणव के दादा भी फौज में थे, जबकि पिता ने होटल लाइन में नौकरी कर तीनों बच्चों को मसूरी के प्रतिष्ठित स्कूलों से शिक्षा दिलाई। पूर्व प्रधान नरेंद्र सिंह नेगी ने बताया, बुधवार शाम तक मेजर का पार्थिव शरीर भानियावाला पहुंचने की संभावना है। इसके बाद उनका अंतिम संस्कार हरिद्वार में किया जाएगा।

# जिन गुंडों ने पैसे खाए, उन्हें उलटा लटका देंगे, चेतावनी दे गरजे अमित शाह

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक चुनावी रैली में जमकर पश्चिम बंगाल की ममता सरकार पर निशाना साधा है।

अमित शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के विकास के लिए नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भेजे गए केंद्रीय धन को कथित तौर पर खा जाने वाले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गुंडों को उलटा लटका कर सीधा कर दिया जाएगा। एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए गृहमंत्री ने कहा, "मोदी ने पश्चिम बंगाल के विकास के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लगभग 10 लाख करोड़ रुपये भेजे थे। टीएमसी के



गुंडे फंड छीन लेते हैं। राज्य में बदलाव लाएं, पश्चिम बंगाल में 30 सीटें जीतने में हमारी मदद करें और भाजपा उन लोगों को उलटा लटका कर उन्हें सीधा कर देगी।" अमित शाह ने पूर्वी बर्दवान के मेमारी में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए टीएमसी सुप्रीमो और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में इसलिए शामिल नहीं हुईं क्योंकि उन्हें अपने 'घुसपैठिये वोट बैंक' के नाराज होने का डर था। शाह ने कहा कि लोकसभा चुनाव तय करेंगे कि जनता देश में 'परिवार राज' चाहती है या फिर 'राम राज्य'।

## चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या तय

देहरादून ,उत्तरखंड में 10 मई से चार धाम (केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री) यात्रा शुरू हो रही है। यात्रा में जाने से पहले हर श्रद्धालु का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। अभी तक उत्तराखंड चार धाम यात्रा के लिए 19 लाख से ज्यादा श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं। पिछली बार लगभग 55 लाख भक्तों ने यहां दर्शन किए थे, इस बार इनकी संख्या और भी बढ़ सकती है। पिछली बार इतनी अधिक संख्या में भक्तों के आने से यहां की व्यवस्थाएं गड़बड़ा गई थीं। इसीलिए इस बार श्रद्धालुओं की प्रतिदिन की संख्या सीमित कर दी है।

पर्यटन सचिव कुर्वे के अनुसार, इस बार एक दिन में अधिकतम 51 हजार भक्त चार धाम की यात्रा कर पाएंगे। इनमें से 15 हजार श्रद्धालु केदारनाथ धाम, 16 हजार बद्रीनाथ, 9 हजार यमुनोत्री तो 11 हजार भक्त गंगोत्री में दर्शन कर सकेंगे। इन सभी की कुल संख्या 51 हजार होगी। पिछले साल एक दिन में 60 हजार से अधिक तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे रहे थे, जिसकी वजह से व्यवस्था बिगड़ गई थी।पर्यटन सचिव कुर्वे के अनुसार, यदि कोई बद्रीनाथ जाना चाहता है तो उसे पहले श्रीनगर में रोका जाएगा। अगर उस दिन के 15 हजार भक्तों की संख्या पूरी हो गई है तो श्रद्धालुओं को यहीं रात रुकना होगा। उसे अगले दिन यहां से आगे जाने दिया जाएगा। यही स्थिति रुद्रप्रयाग, चमोली, पीपलकोटी और जोशीमठ में रहेगी। केदारनाथ जाने वाले श्रद्धालुओं को श्रीनगर, रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ, गौरीकुंड में रोका जाएगा।

## संत ने अदालत के सामने किया समर्पण, फिर जेल भेजे गए

चित्रदुर्ग प्रमुख लिंगायत संत शिवमूर्ति मुरुगा शरणारू ने कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक सत्र अदालत के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्हें फिर जेल भेज दिया गया है। उन पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का आरोप है।

सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में उनकी जमानत रद्द कर दी थी और उन्हें न्यायिक हिरासत में ले जाने के लिए अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया था। आत्मसमर्पण के बाद अधिकारियों ने साधु को हिरासत में ले लिया और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जिला जेल भेज दिया। संत के वकील प्रताप जोगी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई कर रही अदालत को चार महीने के भीतर जांच पूरी करने का निर्देश दिया।



## संपादकीय

# कोविशील्ड पर सवाल

एस्ट्रेजनेका कंपनी के वैक्सीन उत्पाद कोविशील्ड को लेकर बहस छिड़ गई है। इस बहस के पीछे वह तथ्य छिपा है जिसमें कंपनी ने ब्रिटेन की एक अदालत में स्वीकार किया है कि कुछ दुर्लभ मामलों में वैक्सीन के दुष्प्रभाव हो सकते हैं जिसमें ब्रेन स्ट्रोक एवं खून के थक्के बनने, कार्डियक अरेस्ट जैसी व्याधियों उत्पन्न होने की संभावनाएं हैं। भारत में कोविड की महामारी फैलने के बाद काफी जोर–शोर से कोविड टीकाकरण चलाया गया था, जिसमें देश के लोगों ने ऑनलाइन बुकिंग कर लंबी–लंबी कतारों में लगकर वैक्सीन लगवाई। जान की सलामती की आस में लगभग डेढ़ अरब लोगों को वैक्सीन लगाने का दावा किया गया लेकिन अब जो तथ्य सामने आ रहे हैं उसने हिंदुस्तान के लोगों में भय उत्पन्न कर दिया है। एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने घर पर हुई एक मृत्यु को लेकर एस्ट्रेजनेका कंपनी पर दावा ठोका था क़रीब डेढ़ साल चली क़ानूनी बहस के बाद आख़िरकार वैक्सीन बनाने वाली कंपनी ऐस्ट्राजेनेका ने कोर्ट में मान लिया कि उसकी वैक्सीन के चलते थम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम जैसे साइड इफेक्ट हो हो रहे हैं। सामान्य शब्दों में समझें तो वैक्सीन के चलते खून के थक्के जम रहे हैं और लोगों की हार्ट अटैक और ब्रेन हैमरेज के चलते मौत हो रही है। ऑक्सफ़ोर्ड और ऐस्ट्राजेनेका के ईजाद फ़ॉर्मूले पर ही सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंडिया ने कोवीशील्ड नाम की वैक्सीन का मास प्रोडक्शन शुरू किया। भारत के साथ–साथ कई दूसरे देशों में लोगों को यह वैक्सीन लगाई गई है, और आज जब कंपनी का यह इकरारना विश्व के सामने आया है तो वैक्सीन लगाने वाले स्तब्ध रह गए हैं। चौंकाने वाली बात तो यह है दुनिया भर में इस प्रकार के लगभग पौने दो करोड़ मामले सामने आते हैं। इसमें से बीस फ़ीसदी मामले अकेले भारत के है। आंकड़ों पर नजर डालें तो साल 2022 में भारत में हार्ट अटैक के मामलों में अचानक से 25 से 30 फ़ीसदी का उछाल आ गया। सोशल मीडिया पर पिछले कुछ समय में ऐसे अनेक को वीडियो वायरल हुए हैं जिन स्वस्थ व्यक्तियों को एकाएक ढेर होते हुए देखा गया है, इनमे 18 से 45 के बीच की उम्र के लोगों में तेज़ी से बढ़ रहे हार्ट अटैक के मामलों पर काफ़ी हल्ला मचा। इसके बाद आईसीएमआर ने एक स्टडी शुरू की। हालांकि दिसम्बर 2023 में आईसीएमआर ने अपनी स्टडी में बताया कि कोविड वैक्सीन का हार्ट अटैक से कोई लेना–देना नहीं है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी रिपोर्ट का हवाला देकर पल्ला झाड़ लिया। इधर अब ब्रिटिश अदालत में एस्ट्राजेनेक की स्वीकृति के बाद आईसीएमआर की स्टडी की विश्वसनीयता सवालों के दायरे में है। इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता है कि कोविद महामारी के दौरान लोगों की जीवन रक्षा के लिए वैक्सीन लगाई गई लेकिन क्या इस दौरान सभी मानकों को भारत सरकार द्वारा जांचा परखा गया, इसकी जरूर जांच होनी चाहिए। यहां इस बात पर भी ध्यान देना बेहद जरूरी है कि एस्ट्रेजनेका दवा कंपनी ने अपने इकरारना में वैक्सीन के दुष्प्रभावों को "दुर्लभ" मामलों में ही प्रभावी बताया है और अभी इसमें व्यापक शोध की जरूरत है इसलिए यह जरूरी नहीं की लोग अनावश्यक तौर पर भयभीत हों।

# संविधान के मूल ढांचे से किसी भी तरह के खिलवाड़ बर्दाश्त नही

**अनुभा गौर**

विपक्ष बहुत शोर मचा रहा है कि हमारा लोकतंत्र ख़तरे में है और अगर नरेंद्र मोदी की भाजपा फिर सत्ता में आ गई तो संविधान बदल दिया जाएगा। भाजपा के अपने कुछ ग़ैर ज़िम्मेदार लोगों द्वारा यह प्रचार कि अगर 400 से अधिक सीटें आ गई तो हम संविधान बदल देंगे से इस शंका को बल मिला है। पर ऐसे नहीं होने वाला। पहली बात तो यह है कि जनता संविधान के मूल ढांचे से किसी भी तरह के खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं करेगी। इंदिरा गांधी को सबक़ सिखाया जा चुका है।

लोगों को अपने लोकतंत्र, वह कैसा भी अपूर्ण हो, से मोह है। दूसरा, न ही भाजपा का नेतृत्व संविधान बदलने की बात कर रहा है। तीसरा, भाजपा के नेतृत्व को संविधान बदलने की ज़रूरत भी नहीं है क्योंकि इसी संविधान के अंतर्गत उनका काम बढ़िया चल रहा है और उनके मुद्दे, धारा 370 हटाना, राममंदिर निर्माण आदि पूरे हो रहे हैं। चौथा, संविधान बदलने के लिए जो बहुमत चाहिए वह भी किसी को मिलने वाला नहीं। 400 पार केवल प्रचार के लिए है। प्रदेशों के बहुमत का अनुमोदन भी चाहिए। केवल एक बार राजीव गांधी को ऐसा बहुमत मिला था पर उन्होंने सब गड़बड़ कर दिया था।

जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद यह चुनाव एक व्यक्ति, नरेन्द्र मोदी पर केन्द्रित है। भाजपा भी उन्हीं का नाम जप रही है और विपक्षी निशाने पर भी नरेन्द्र मोदी ही है। वरिष्ठ नेता जैसे राजनाथ सिंह या अमित शाह या नितिन गड़करी भी केवल एक ही नाम पर वोट मांग रहे हैं, नरेन्द्र मोदी। सब कुछ ह्यमोदी की गारंटीह्न है। प्रचार में भी एक ही चेहरा नज़र आता है। संघ जो व्यक्ति– विशेष के प्रचार को पसंद नहीं करता ने भी समझौता कर लिया है। मोदी भी इस चुनाव कोप्रेसिडेंशियल टाईप बनाने में सफल रहे हैं क्योंकि उनके सामने राहुल गांधी फीके लगते हैं। वह 2047 तक विकसित भारत का वादा कर रहें हैं और जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की गारंटी दे रहे हैं। संदेश स्पष्ट है कि यह सब केवल एक नेता की लीडरशिप में ही हो सकता है। विपक्ष का भी सारा हमला नरेन्द्र मोदी पर हो रहा है। समझ गए हैं कि उनके बिना भाजपा बिन पतवार के नौका की तरह होगी,इसलिए प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता पर चोट की जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता के बावजूद उनका 370/400 वाला दावा ज़रूरत से अधिक आशावान नज़र आता है। इतनी बड़ी छलांग के लिए पक्ष में बड़ी लहर चाहिए जो अभी नज़र नहीं आ रही। उल्टा वोटर थका थका सा नज़र आ रहा है और कार्यकर्ता उदासीन है। भाजपा ने भ्रष्ट और दलबदलुओं को दाखिल कर अपना नुक़सान कर लिया है। भ्रष्टाचार का मुद्दा तो उसी दिन खोखला हो गया था जब अजीत पवार जैसों को साथ लिया था।

परिवारवाद का मुद्दा भी इसी कारण खो दिया। भाजपा के अंदर इस बात को लेकर असंतोष है कि दूसरे दलों से आए लोगों को तरजीह दी जा रही है। पंजाब में तो सारा संगठन ही कांग्रेस से आए लोगों को सौंप दिया गया है। बिहार में नीतीश कुमार का साथ महंगा प्रतीत होता है। महाराष्ट्र (48) और बिहार (40) दोनों में पिछली वाली बात नहीं है। उत्तर में किसान नाराज़ है जिसका असर पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। 2019 के चुनाव में बालाकोट और पुलवामा के भावनात्मक मुद्दे थे। आज ऐसा कोई मुद्दा नहीं है। 2047 किस ने देखा है? ह्यइंडिया शायनिंगह्न वाला प्रयास दोहराया जा रहा लगता है। लोगों को महंगाई, बेरोज़गारी, आर्थिक विषमता के मुद्दे परेशान कर रहे हैं। उत्तर भारत में अग्निवीर भर्ती योजना भी बड़ा मुद्दा है। चार साल के बाद जो सेवानिवृत्त हो जाएंगे वह नौजवान किधर जाएंगे? काश, इसे लागू करते समय इसके दूरगामी परिणामों का सही आंकलन किया होता।

अगर 370/400 प्राप्त करना है तो दक्षिण भारत में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। इसीलिए प्रधानमंत्री बार बार दक्षिण का दौरा कर रहे हैं। 2019 में दक्षिण की 130 सीटों में से भाजपा को केवल 29 सीटें मिली थीं जिनमें से 25 कर्नाटक से और 4 तेलंगाना से थी। केरल, तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश में वह खाता नहीं खोल सके थे। आज कर्नाटक और तेलंगाना दोनों में मज़बूत नेताओं के नीचे कांग्रेस की सरकारें हैइसलिए पिछले वाला समर्थन नहीं मिलेगा।

यह अफ़सोस की बात है कि प्रधानमंत्री ने फिर मुसलमानों का मुद्दा उठा लिया है। इस चुनाव में ह्यमंगलसूत्रह्न,ह्नघुसपैठिएह्न,ह्नजिनके ज़्यादा बच्चे हैं ह्य कहां से टपक गए? इसकी ज़रूरत भी क्या थी? इससे यह प्रभाव मिलता है कि अभी पूरी तरह से आश्वस्त नहीं है इसलिए फिर हिन्दू–मुस्लिम ध्रुवीकरण की कोशिश हो रही है। वरिष्ठ पत्रकार नीरजा चौधरी ने पश्चिम उत्तर प्रदेश से लिखा है कि वहां यह आवाज़ें सुनने को मिल रही हैं कि, ह्नबहुत हो गया हिन्दू –मुसलमान। रहना तो साथ में ही हैह्न। न ही इस बार राम मंदिर ही मुद्दा है। बेहतर होता कि देश के प्रधानमंत्री खुद को निम्न राजनीति से ऊपर रखते। जब संदेश ह्यसबका साथ और सबका विकासह्न है और सब कल्याणकारी योजनाओं में सबका बराबर का हिस्सा है, तो ध्रुवीकरण करने की क्या ज़रूरत है?

हाल में किए गए सीएसडीएस–लोकनीति सर्वेक्षण के अनुसार 27 प्रतिशत लोग बेरोज़गारी को और 23 प्रतिशत लोग महंगाई को मुख्य मुद्दा मानते हैं। केवल 2 प्रतिशत ही हिन्दुत्व को मुद्दा मानते हैं। उम्मीदवार घोषित करने में कांग्रेस सबसे पीछे है। अभी तक यह ही नहीं बताया जा रहा कि रायबरेली और अमेठी से कौन लड़ेगा?

राहुल गांधी का जवाब था कि हाईकमान फ़ैसला करेगा। पर भैया, आप ही तो हाईकमान हो,खुद से पूछ लो ! कांग्रेस से जो होलसेल दलबदल हो रहा है वह नेतृत्व के प्रति अविश्वास बताता है। 2019 में भाजपा और कांग्रेस के वोट में लगभग 18 प्रतिशत का अंतर था। इस खाई को पाटने के लिए 9–10 प्रतिशत की बड़ी छलांग चाहिए जो सम्भव नहीं लगती।

राहुल गांधी की शिकायत है कि भारत सरकार के 90 सचिवों में केवल 3 ओबीसी हैं। उनके अनुसार ह्नकिस प्रकार बजट का वितरण होता है उसमें भारत की जनसंख्या के 90 प्रतिशत की कोई भूमिका नहींह्य। यह न केवल पिछड़ी सोच है बल्कि बहुत ख़तरनाक भी है कि केवल एक ओबीसी, एक दलित या आदिवासी या अल्पसंख्यक अफ़सर ही अपने समुदाय का हित देख सकता है। ऐसे तो देश के बिल्कुल टुकड़े–टुकड़े हो जाएँगे। उनके अनुसारजाति जनगणना देश की हर समस्या का इलाज है। नेहरूजी की विचारधारा का उनके ही वंशज शीर्षासन कर रहे हैं। वह देश का एक्स–रे करने की धमकी दे रहे हैं और ह्यदेश के धनह्न के पुनर्वितरण की बात कर रहें हैं। देश में जो घोर विषमता देखने को मिल रही है वह अत्यंत चिन्ता की बात है इसके लिए नीतियां बदलनी होंगी पर राहुल गांधी तो ज़बरदस्ती करने की बात कर रहें है, ऋान्तिकारी कदम उठाने की बात कर रहे हैं। क्या वह देश में सिविल वार चाहतें हैं?

राहुल तो अपने घोषणा पत्र से भी आगे निकल गए हैं। उनका नारा है ह्यजितनी आबादी उतना हक़ह्न। यह होगा कैसे? क्या जज भी आबादी के अनुसार नियुक्त होंगे? सेना के जनरल भी? कांग्रेस पार्टी के शिखर पर गांधी परिवार का हक़ भी कैसे बनेगा? राहुल अल्ट्रा–लैफ्ट की चरम विचारधारा से प्रभावित लगते हैं जिसे बीजिंग और मास्को तक रद्द कर चुके हैं। यह माओत्सी तुंग या लेनिन का युग नहीं है। न ही उनके गठबंधन की पार्टियां उनकी चरम विचारधारा को समर्थन देंगी। उन्हें खुद को महंगाई, बेरोज़गारी और हैल्थ केयर जैसे मुद्दों तक सीमित रखना चाहिए। होश के बिना जोश के कारण उन्होंने एक बार फिर सेल्फ़ गोल कर लिया है। भाजपा को असली मुद्दों से ध्यान हटाने का मौक़ा दे दिया।

भाजपा को कांग्रेस से भी अधिक चुनौती मज़बूत स्थानीय नेताओं से मिल रही है। नवीन पटनायक, एम.के. स्टालिन, जगन रेड्डी, ममता बनर्जी, रेवंथ रेड्डी, सिद्दारमैया–डी.शिव कुमार, पिनाराई विजयन सब अपना अपना घर सम्भाले हुए हैं और भाजपा को जगह नहीं देंगे। उद्धव ठाकरे, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव जैसे नेता भी दृढ़ता दिखा रहे हैं। केवल आप फंसी हुई लगती है क्योंकि वरिष्ठ नेता जेल में हैं। अरविंद केजरीवाल की सेहत राजनीति का विषय नहीं होनी चाहिए।

अंत में: एक कार्टून देखा था जिसमें एक ग्रामीण अपनी पत्नी से कह रहा है, ह्नदे दिया वोट, उम्मीद करते हैं कि जिस पार्टी को दिया है पांच साल उसी में रहे यह वोटह्य। पर आज के माहौल में क्या कोई निश्चित कह सकता है कि जहां वोट दिया है वहां ही टिका रहेगा? हम अपनी राजनीति का सबसे घिनौना और भ्रष्ट चेहरा देख रहें हैं। अब ज़िम्मेवारी हमारी बनती है कि जिन्होंने भी जनादेश का मजाक उड़ाया है और वफ़ादारियां बदली हैं उन्हें वोट न दिया जाए। वोट देना हमारा लोकतांत्रिक फ़र्ज़ है पर जो हमारे जनादेश से खिलवाड़ करते हैं और दलबदल करते हैं, वह किसी भी पार्टी में हों, उन्हें सबक़ सिखाना भी हमारा फ़र्ज़ बनता है।



**जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद यह चुनाव एक व्यक्ति, नरेन्द्र मोदी पर केन्द्रित है। भाजपा भी उन्हीं का नाम जप रही है और विपक्षी निशाने पर भी नरेन्द्र मोदी ही है। वरिष्ठ नेता जैसे राजनाथ सिंह या अमित शाह या नितिन गड़करी भी केवल एक ही नाम पर वोट मांग रहे हैं, नरेन्द्र मोदी। सब कुछ ह्यमोदी की गारंटीह्न है। प्रचार में भी एक ही चेहरा नज़र आता है। संघ जो व्यक्ति– विशेष के प्रचार को पसंद नहीं करता ने भी समझौता कर लिया है। मोदी भी इस चुनाव कोप्रेसिडेंशियल टाईप बनाने में सफल रहे हैं क्योंकि उनके सामने राहुल गांधी फीके लगते हैं। वह 2047 तक विकसित भारत का वादा कर रहें हैं और जल्द दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की गारंटी दे रहे हैं। संदेश स्पष्ट है कि यह सब केवल एक नेता की लीडरशिप में ही हो सकता है। विपक्ष का भी सारा हमला नरेन्द्र मोदी पर हो रहा है। समझ गए हैं कि उनके बिना भाजपा बिन पतवार के नौका की तरह होगी,इसलिए प्रधानमंत्री की विश्वसनीयता पर चोट की जा रही है।**

# पानी के लिए होता त्राहिमाम

**विनीत बंधु**

बेंगलुरु में भीषण पेयजल संकट पिछले कुछ दिनों से अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियां बन रहा है। हाल ही में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि बेंगलुरु को हर दिन 500 मिलियन लीटर पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जो शहर की दैनिक कुल मांग का लगभग पांचवां हिस्सा है। सीएम ने कहा कि बेंगलुरु के लिए अतिरिक्त आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है। हालांकि, पानी की कमी केवल बेंगलुरु तक ही सीमित नहीं है, और न ही यह केवल पीने के पानी की समस्या है। संपूर्ण कर्नाटक राज्य, साथ ही तेलंगाना और महाराष्ट्र के निकटवर्ती क्षेत्र भी पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका अधिकांश संबंध पिछले एक वर्ष में इस क्षेत्र में सामान्य से कम वर्षा और इस क्षेत्र में भूमिगत जलभृतों की प्रकृति से है।

अरबों–खरबों रुपया जल संसाधन के संरक्षण एवं प्रबंधन पर आजादी के बाद खर्च किया जा चुका है। उसके बावजूद हालत ये है कि भारत के सर्वाधिक वर्षा वाले क्षेत्र चेरापूंजी (मेघालय) तक में पीने के पानी का संकट है। कभी श्रीनगर (कश्मीर) बाढ़ से तबाह होता है, कभी मुंबई और गुजरात के शहर और बिहार–बंगाल का तो कहना ही क्या। हर मानसून में वहां बरसात का पानी भारी तबाही मचाता है।


दरअसल, ये सारा संकट पानी के प्रबंधन की आयातित तकनीकि अपनाने के कारण हुआ है। वरना भारत का पारंपरिक ज्ञान जल संग्रह के बारे में इतना वैज्ञानिक था कि यहां पानी का कोई संकट ही नहीं था। पारंपरिक ज्ञान के चलते अपने जल से हम स्वस्थ रहते थे। हमारी फसल और पशु सब स्वस्थ थे। पौराणिक ग्रंथ ह्यहरित संहिताह्न में 36 तरह के जल का वर्णन आता है। जिसमें वर्षा के जल को पीने के लिए सर्वोत्तम बताया गया है और जमीन के भीतर के जल को सबसे निकृष्ट यानि 36 के अंक में इसका स्थान 35वां आता है। 36वें स्थान पर दरिया का जल बताया गया है। दुर्भाग्य देखिए कि आज लगभग पूरा भारत जमीन के अंदर से खींचकर ही पानी पी रहा है। जिसके अनेकों नुकसान सामने आ रहे हैं।पहला तो इस पानी में फ्लोराइड की मात्रा तय सीमा से कहीं ज्यादा होती है, जो अनेक रोगों का कारण बनती है। इससे खेतों की उर्वरता घटती जा रही है और खेत की जमीन क्षारीय होती जा रही है। लाखों हेक्टेयर जमीन हर वर्ष भूजल के अविवेकपूर्ण दोहन के कारण क्षारीय बनकर खेती के लिए अनुपयुक्त हो चुकी है। दूसरी तरफ इस बेदर्दी से पानी खींचने के कारण भूजल स्तर तेज़ी से नीचे घटता जा रहा है। हमारे बचपन में हैंडपंप को बिना बोरिंग किए कहीं भी गाढ़ दो, तो 10 फीट नीचे से पानी निकल आता था। आज सैकड़ों–हजारों फीट नीचे पानी चला गया। भविष्य में वो दिन भी आएगा, जब एक गिलास पानी 1000 रुपए का बिकेगा। क्योंकि रोका न गया, तो इस तरह तो भूजल स्तर हर वर्ष तेज़ी से गिरता चला जाएगा।

आधुनिक वैज्ञानिक और नागरीय सुविधाओं के विशेषज्ञ ये दावा करते हैं कि केंद्रीयकृत टंकियों से पाइपों के जरिये भेजा गया पानी ही सबसे सुरक्षित होता है। पर यह दावा अपने आप में जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है। इसके कई प्रमाण मौजूद हैं। जबकि वर्षा का जल जब कुंडों, कुंओं, पोखरों, दरियाओं और नदियों में आता था, तो वह सबसे ज्यादा शुद्ध होता था। साथ ही इन सबके भर जाने से भूजल स्तर ऊंचा बना रहता था। जमीन में नमी रहती थी। उससे प्राकृतिक रूप में फल, फूल, सब्जी और अनाज भरपूर मात्रा में और उच्चकोटि के पैदा होते थे। पर बोरवेल लगाकर भूजल के इस पाश्विक दोहन ने यह सारी व्यवस्थाएं नष्ट कर दी। पोखर और कुंड सूख गए, क्योंकि उनके जल संग्रह क्षेत्रों पर भवन निर्माण कर लिए गए हैं। वृक्ष काट दिए गए। जिससे बादलों का बनना कम हो गया।नदियों और दरियाओं में औद्योगिक व रासायनिक कचरा व सीवर लाइन का गंदा पानी बिना रोकटोक हर शहर में खुलेआम डाला जा रहा है। जिससे ये नदियां मृत हो चुकी हैं। इसलिए देश में लगातार जल संकट बढ़ता जा रहा है। जल का यह संकट आधुनिक विकास के कारण पूरी पृथ्वी पर फैल चुका है। वैसे तो हमारी पृथ्वी का 70 फीसदी हिस्सा जल से भरा है। पर इसका 97.3 फीसदी जल खारा है। मीठा जल कुल 2.7 फीसदी है। जिसमें से केवल 22.5 फीसदी जमीन पर है, शेष ध्रुवीय क्षेत्रों में। इस उपलब्ध जल का 60 फीसदी खेत और कारखानों में खप जाता है, शेष हमारे उपयोग में आता है यानि दुनिया में उपलब्ध 2.7 फीसदी मीठे जल का भी केवल एक फीसदी हमारे लिए उपलब्ध है और उसका भी संचय और प्रबंधन अक्ल से न करके हम उसका भारी दोहन, दुरुपयोग कर रहे हैं और उसे प्रदूषित कर रहे हैं।

# रामायण से लीक हुआ रणबीर कपूर और साई पल्लवी का लुक, दिखा राम–सीता का अवतार

फिल्म रामायण इन दिनों सुर्खियों में है। यह फिल्म इसलिए भी चर्चा में है, क्योंकि इसे काफी बड़े स्तर पर बनाया जा रहा है और कई बड़े सितारे इससे जुड़े हैं। यही वजह है कि फिल्म से जुड़ी हर छोटी–बड़ी जानकारी पर प्रशंसक नजर नाए हुए हैं।अब नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में भगवान श्रीराम बने रणबीर कपूर और माता सीता के अवतार में साई पल्लवी की पहली झलक सेट से लीक हो गई है।

फिल्म के सेट से रणबीर और साई की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें उन्हें भगवान राम और मां सीता के अवतार में देखा जा सकता है। इन तस्वीरों ने आते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है।दोनों का लुक लोगों को खूब भा रहा है। तस्वीरों को देख लग रहा है कि ये राम और सीता की शादी के बाद वाला सीन है। पोशाक के



साथ रणबीर और साई के हाव–भाव भी देखने लायक हैं।

इस फिल्म से कई सितारो का नाम जुड़ा है। केजीएफ स्टार यश इससे बतौर सह–निर्माता जुड़े हैं, वहीं वह इसमें रावण की भूमिका भी निभाने वाले हैं।सनी देओल फिल्म में भगवान हनुमान का किरदार निभाएंगे तो साउथ के स्टार विजय सेतुपति फिल्म में विभीषण की भूमिका में दिखेंगे।इससे पहले सेट से अरुण गोविल, लारा दत्ता और शिबा चड्ढा की पारंपरिक तस्वीरें सामने आई थीं। रकुल प्रीत सिंह और रवि दुबे भी फिल्म का हिस्सा हैं।फिल्म का संगीत भी शानदार होने वाला है, क्योंकि 2 दिग्गज संगीतकार हंस जिमर और एआर रहमान इसके लिए साथ आए हैं। ऑस्कर जीत चुके हंस इस फिल्म के जरिए बॉलीवुड में कदम रख रहे हैं। वह भगवान राम की कहानी से रोमांचित हैं।हंस ने एक इंटरव्यू में रहमान के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की थी और अब दोनों साथ मिलकर दुनियाभर के दर्शकों के बीच अपने संगीत का जादू चलाने के लिए तैयार हैं।

रणबीर ब्लॉकबस्टर फिल्म एनिमल की दूसरी किस्त एनिमल पार्क में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे।

### गैंग्स ऑफ गोदावरी का टीजर जारी, राउडी अंदाज में दिखे विश्वक सेन

प्रभावशाली राउडी फेलो और एक आकर्षक रोमांटिक–कॉम, चल मोहन रंगा के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, गैंग्स ऑफ गोदावरी के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल–ए–तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।

टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है।

# मेरी निजी इच्छा है कि रिंकू सिंह टी20 विश्व कप टीम में जगह बनाएं: शाहरुख खान

कोलकाता, जैसे–जैसे आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा करने की समय सीमा नजदीक आ रही है, वैसे–वैसे टीम संयोजन को लेकर काफी दिलचस्पी बढ़ती जा रही है और विशेषज्ञ तथा प्रशंसक समान रूप से अपनी राय व्यक्त कर रहे हैं कि वे 1 जून से शुरू होने वाले मेगा इवेंट के लिए कैरेबियन की उड़ान किसे भरते देखना चाहते हैं। जहां प्रशंसक टीम की घोषणा का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, वहीं कोलकाता नाइट राइडर्स के मालिक शाहरुख खान ने कहा है कि व्यक्तिगत मोर्चे पर, वह अपनी टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह को 15 सदस्यीय टीम में देखना चाहेंगे जो टी20 वर्ल्ड कप में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। केकेआर के लिए एक स्टार खिलाड़ी के रूप में रिंकू




सिंह का प्रमुखता से उभरना उनकी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है, लेकिन यह केकेआर के मालिक शाहरुख खान द्वारा दिखाए गए विश्वास और समर्थन का भी प्रमाण है। रिंकू की विश्व कप संभावनाओं के प्रति आशावाद व्यक्त करते हुए, शाहरुख ने स्टार स्पोर्ट्स नाइट क्लब प्रेजेंट्स किंग खान रूल्स पर कहा, ऐसे अद्भुत खिलाड़ी देश के लिए खेल रहे हैं। मैं वास्तव में रिंकू, इंशाअल्लाह और अन्य टीमों के कुछ अन्य युवाओं के विश्व कप टीम में होने का इंतजार कर रहा हूं। उनमें से कुछ इसके हकदार हैं, लेकिन मेरी व्यक्तिगत इच्छा है कि रिंकू टीम में जगह बनाये, मुझे बहुत खुशी होगी। वह मेरे लिए सर्वोच्च बिंदु होगा। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में एक श्रमिक वर्ग के परिवार में जन्मे रिंकू सिंह को क्रिकेट स्टारडम की राह में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा। साधारण परिवेश में पले–बढ़े रिंकू के परिवार को गुजारा करने के लिए संघर्ष करना पड़ता था, उनके पिता एलपीजी सिलेंडर डिलीवरी मैन के रूप में काम करते हैं और उनकी मां एक गृहिणी हैं। सफाईकर्मी की नौकरी की पेशकश के बावजूद, रिंकू ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून का पालन किया, उनका मानना था कि यह उन्हें अधिक ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# बॉक्स ऑफिस पर आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का दूसरे दिन भी नहीं सुधरा हाल

सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा इन दिनों फिल्म रुसलान को लेकर सुर्खियों में हैं, जो 26 अप्रैल को सिनेमाघरों में आई। फिल्म का खूब प्रचार–प्रसार किया गया, वहीं खुद आयुष ने भी इसकी तारीफ में इतने कसीदे पढ़े, जिससे लग रहा था कि फिल्म धमाका करेगी।हालांकि, यह पहले ही दिन बॉक्स ऑफिस पर फुस्स हो गई। लग रहा था कि दूसरे दिन इसकी हालत सुधर जाएगी, लेकिन दूसरे दिन के बॉक्स ऑफिस आंकड़े भी निराशाजनक हैं।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, जहां इस फिल्म ने अपनी रिलीज के पहले दिन 55 लाख रुपये कमाए थे, वहीं दूसरे दिन भी इसने कुछ



कमाल नहीं किया और मामूली बढ़ोतरी के साथ 85 लाख रुपये अपने खाते से जोड़े। दोनों दिन की कमाई के आंकड़े मिलाकर फिल्म अब तक कुल 1.40 करोड़ रुपये बटोर पाई है।रुसलान के जरिए आयुष ने पहली बार सलमान के प्रोडक्शन हाउस से अलग होकर काम किया है।

रुसलान में आयुष एक रॉ एजेंट की भूमिका में हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए अपनी बाडी और सिक्स पैक एब्स बनाने से लेकर एक्शन में तेज–तर्रार होने के लिए खूब मेहनत की, लेकिन इस चक्कर में वह अपनी एक्टिंग पर काम करना भूल गए।भावुक, गुस्सैल हर सीन में वह एक जैसा अभिनय करते हैं। चेहरे पर भाव आने से पहले ही चले जाते हैं। फिल्म में अभिनय से ज्यादा लोग उनके एक्शन की तारीफ कर रहे हैं।

बता दें कि आयुष को आखिरी बार अंतिमः द फाइनल ट्रुथ में देखा गया था। उन्होंने फिल्म लवरात्रि से बॉलीवुड में अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी। ये दोनों ही फिल्में सलमान ने बनाई थीं, जो बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा पाई थीं।

### केकेआर से हार पर डीसी के गेंदबाजी कोच ने कहा, हम कोई बहाना नहीं बनाएंगे...

कोलकाता, घरेलू मैदान पर लगातार दो जीत के बाद ईडन गार्डन्स में केकेआर के खिलाफ मैच में डीसी की 7 विकेट से हार के बाद गेंदबाजी कोच जेम्स होप्स ने कहा कि टीम हार के लिए किसी भी बहाने के पीछे नहीं छुपेगी। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बीच मैच एकतरफा रहा लेकिन फिल सॉल्ट की तूफानी पारी ने दिल्ली को बैकफुट पर धकेल दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली की शुरुआत खराब रही। लगातार विकेट गंवाने के बाद कुलदीप यादव के 26 गेंदों में नाबाद 35 रनों की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने बड़ी मुश्किल से 20 ओवरों में 153/9 का स्कोर बनाया।

# फिल साल्ट केकेआर के लिए एक्स फैक्टर: क्लार्क

कोलकाता, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने फिल साल्ट की जमकर तारीफ की और उन्हें कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) टीम में एक्स फैक्टर करार दिया।आईपीएल 2024 की नीलामी में फिल साल्ट को कोई खरीददार नहीं मिला था,जेसन रॉय ने निजी कारणों के चलते अपना नाम वापस ले लिया था, जिससे केकेआर ने ऑक्शन में फिल साल्ट को जेसन का रिप्लेसमेंट बनाया। उन्हें केकेआर ने उनके बेस प्राइस यानी 1.5 करोड़ रुपये में अपने खेमे में शामिल किया। आईपीएल 2024 में अपनी तूफानी बल्लेबाजी के फैंस का दिल जीत रहे फिल साल्ट को लेकर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर माइकल क्लार्क ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि विकेटकीपर–बल्लेबाज का



प्रभाव केवल उसके द्वारा बनाए गए रनों तक ही सीमित नहीं है, उन्होंने उन्हें कैसे बनाया, इसके महत्व पर भी ध्यान देना चाहिए।सोमवार को दिल्ली के खिलाफ फिल साल्ट ने 33 गेंदों में 68 रन बनाए, जो सीजन का उनका चौथा अर्धशतक है। उन्होंने 154 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सुनील नारायण के साथ 79 रन जोड़े, जिससे मेजबान टीम ने सोमवार को यहां ईडन गार्डन्स में दिल्ली कैपिटल्स पर 7 विकेट से जीत हासिल की। आईपीएल 2024 में नौ मैचों में 392 रन के साथ साल्ट अब ऑरेंज कैप की दौड़ में चौथे स्थान पर हैं। क्लार्क ने स्टार स्पोर्ट्स क्रिकेट लाइव पर कहा, फिल साल्ट के लिए अब तक सीजन वास्तव में अच्छा रहा है और वह केकेआर के लिए एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी है, जैसा कि मैं कहता हूं, यह सिर्फ उसके द्वारा बनाए जा रहे रनों के बारे में नहीं है, बल्कि यह उनके रन बनाने के तरीके के बारे में भी है।

# बाघ के हमले में बुजुर्ग घायल, गंभीर



अस्पताल में भर्ती बाघ के हमले में घायल मोहन सिंह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पर्वतीय क्षेत्रों में बाघ व गुलदार का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा। प्रखंड रिखणीखाल के ग्राम किमगांव निवासी एक बुजुर्ग पर बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। हमले में घायल बुजुर्ग का राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में उपचार चल रहा है।

घटना सोमवार शाम की है। ग्राम किमगांव निवासी पचास वर्षीय मोहन सिंह रावत मवेशियों को जंगल से चुगा कर घर की ओर लौट रहे थे। उनके साथ उनकी पत्नी व गांव के अन्य लोग भी मौजूद थे।

इसी दौरान घात लगाकर बैठे बाघ ने मोहन सिंह पर हमला कर दिया। बाघ के हमले के बाद भी मोहन सिंह ने हिम्मत नहीं हारी व हाथ पर पकड़ी कुल्हाड़ी से बाघ पर वार कर दिया। मौजूद अन्य लोगों ने भी शोर मचाते हुए पत्थरों से बाघ पर हमला किया। जिसके बाद बाघ मौके से भाग गया। गंभीर रूप से घायल मोहन सिंह को रिखणीखाल स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती किया गया। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में रेफर किया गया।

# अभिषेक ने 97.8 फीसद अंकों के साथ हाईस्कूल की मेरिट लिस्ट में बनाई जगह

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में कोटद्वार के रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र अभिषेक आदर्श ने 97.8 फीसदी अंक प्राप्त कर मेरिट लिस्ट में 17वां स्थान प्राप्त किया। उनके पिता लक्ष्मीकांत और माता कलावती ने बताया कि अभिषेक ने बगैर ट्यूशन पढ़े मेरिट लिस्ट में जगह बनाई है। अभिषेक ने बताया कि वह रोज पांच से छह घंटे पढ़ाई करता था। उसका सपना मैकेनिकल इंजीनियर बनना है। अभिषेक के पिता बीईएल आफिसर क्लब में केयर टेकर और माता गृहणी हैं। वहीं, विद्यालय परिवार ने भी इस प्रदर्शन पर अभिषेक और उसके माता-पिता को बधाई दी है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती ने बताया कि अभिषेक बेहद होनहार और अनुशासनप्रिय छात्र है। विद्यालय परिवार को अभिषेक से बहुत उम्मीद थी जिस पर वह खरा उतरा है।

## इंटर में प्रियांशु नेगी रहा अव्वल



मेरिट लिस्ट में 17वां स्थान प्राप्त करने वाला अभिषेक

मेहरबान सिंह कंडारी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्र प्रियांशु नेगी ने इंटरमीडिएट की राज्य वरीयता सूची में 21वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रियांशु नेगी ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 92.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। परीक्षा में 462 अंक पाने वाले प्रियांशु सेना में जाकर देश की सेवा करना चाहते हैं। प्रियांशु के पिता जितेंद्र सिंह सेल्समैन का कार्य करते हैं। जबकि माता गृहणी है। इस मुकाम को हासिल करने के लिए प्रियांशु ने काफी मेहनत की।

## दिउला के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : हाईस्कूल व इंटर की बोर्ड परीक्षाओं में गुरु राम राय इंटर कॉलेज दिउला पौखाल के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। हाईस्कूल की परीक्षा में विद्यालय का परिणाम 93 प्रतिशत रहा। जिसमें 18 छात्र प्रथम व 17 द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं, इंटर परीक्षा का परिणाम 83 प्रतिशत रहा। जिसमें 29 छात्रों ने प्रथम व 13 छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल परीक्षा में सौम्या ने 88 प्रतिशत व इंटर में मयंक देवलियाल ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## कमजोर आर्थिकी भी नहीं हिला पाई पूजा के कदम



इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली पूजा धस्माना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : ठंगधार गांव निवासी पूजा धस्माना ने इंटरमीडिएट परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। पूजा ठंगधार गांव में अपने नाना-नानी के साथ रहकर पढ़ाई करती है। बेटी की इस सफलता पर परिजनों व शिक्षकों ने खुशी व्यक्त की है। राजकीय इंटर कॉलेज दिऊसी की छात्रा पूजा धस्माना की मेहनत की हर कोई मिशाल दे रहा है। ठंगधार गांव से पूजा हर रोज पांच किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल पहुंचती थी। कड़ी मेहनत के बाद पूजा ने इंटरमीडिएट परीक्षा 90 प्रतिशत अंकों के साथ पास की है। ठंगधार गांव में पलायन के बाद केवल पूजा का ही परिवार रहता है। ऐसे में उसके समक्ष कई चुनौतियां थी। परिवार की आर्थिकी कमजोर होने के बाद भी पूजा अपने लक्ष्य से नहीं डगमगाई। जबकि, पूजा के नाना भी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। पूजा ने बताया कि वह जीवन में आगे बढ़ देश की तरक्की में अपना योगदान देना चाहती हैं।

# फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन बेचने वाला गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मृत व्यक्ति को जीवित दिखाकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। व्यक्ति को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

11 मार्च को यमकेश्वर ग्राम खेड़ा तल्ला निवासी बालम सिंह असवाल ने पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि ग्राम कोठार निवासी विक्रम सिंह पयाल ने लक्ष्मणझूला पुण्डरासू में स्थित उनके दादा की पुस्तैनी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर वर्ष 2000 में दलीप सिंह रावत को बेच दी। शिकायत के बाद मामले की जांच के लिए पुलिस की टीम गठित की गई।



पुलिस हिरासत में जमीन की धाखाधड़ी करने वाला आरोपी

क्षेत्राधिकारी विभव सैनी व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणीभूषण की जांच में आरोप सही पाए गए। जिसके बाद पुलिस ने नीलकंठ क्षेत्र से विक्रम सिंह पयाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि बालम सिंह असवाल के दादा नारायण सिंह असवाल की वर्ष 1965 में मृत्यु हो चुकी थी। उनकी पुण्डरासू लक्ष्मणझूला स्थित पुस्तैनी जमीन की परिजनों द्वारा कोई देर रेख नहीं की जा रही थी। जिस कारण उसने फर्जी दस्तावेज तैयार कर इस जमीन को दलीप सिंह को बेच दी।

## छात्रवृत्ति प्रतियोगिता 12 मई को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शांतिवल्लभ मेमोरियल इंटर कालेज में 12 मई को मेधावी निर्धन छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसमें कोटद्वार क्षेत्र के मान्यता प्राप्त स्कूलों में पढ़ने वाले प्रथम कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की छात्राएं प्रतिभाग करेंगी। प्रतियोगिता के संयोजक कमलेश सिंह रावत ने बताया कि क्षेत्र की स्कूलों में पढ़ने वाले छात्राओं के प्रोत्साहन के लिए मीनाक्षी व तपिश नैथानी के माध्यम से अमरदेव प्यारी देवी डबराल की स्मृति में प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कक्षावार प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को ढाई हजार की छात्रवृत्ति के रूप में दी जाएगी। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए 11 मई तक नामांकन करवाना अनिवार्य होगा।

# नैनीडांडा की बेटी पूर्वांशी ध्यानी रही प्रदेश में चौथा स्थान पर



प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा पूर्वांशी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : दूरस्थ ब्लाक नैनीडांडा के राजकीय इंटर कॉलेज धुमाकोट की छात्रा पूर्वांशी ध्यानी ने हाईस्कूल में 98.80 फीसदी अंक हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया है।

पूर्वांशी के माता-पिता शिक्षक है। पूर्वांशी ने 500 अंकों में से 494 अंक हासिल किए। हिन्दी और गणित विषयों में इस होनहार छात्रा पूर्वांशी ने शत प्रतिशत अंक हासिल किए है। अंग्रेजी, संस्कृत, एसएसलएससी, विषयों में भी 99 फीसदी तो एससी में 96 अंक प्राप्त करने में सफल रही है। बेटी की सफलता पर क्षेत्रवासियों ने खुशी व्यक्त की है।

## जनता इंटर कॉलेज चैड चैनपुर का रहा शत प्रतिशत परीक्षाफल

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : उत्तराखण्ड बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 का परिणाम सोमवार को घोषित हो गया है। जनता इंटर कॉलेज चैड चैनपुर पौड़ी गढ़वाल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य धनपाल सिंह रावत ने बताया कि हाई स्कूल में सभी11 परीक्षार्थी पास हुए है, जिनमें से तीन प्रथम श्रेणी में पास हुए है। जबकि इंटर में 22 बच्चों ने प्रतिभाग किया, सभी बच्चे पास हुए है। इंटर में 8 बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल में विनय ध्यानी, कुमारी पूनम रावत ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि इंटरमीडिएट परीक्षा में सिमरन बिष्ट एवं संजना रावत ने 75 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### छात्र-छात्राओं को दी शैक्षणिक सामग्री

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच की ओर से कोटडीढांग स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के 50 बच्चों को शैक्षणिक सामग्री दी गई। इस दौरान मंच ने अन्य संस्थाओं से भी बच्चों की मदद के लिए आगे आने की अपील की। कहा कि बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सकें इसके लिए हम सभी को एकजुट होकर कार्य करना होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य खेमकरन सिंह रावत व संस्था के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने किया। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्रों को पठन पाठन में काम आने वाले सामग्री प्रदान की गई।

संस्था के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाने के लिए शिक्षित किए जाने की जरूरत पर जोर दिया। कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को संस्था की ओर से आर्थिक सहायता की जाती रहती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य खेमकरण सिंह रावत ने संस्था के प्रयासों की सराहना की है। इस मौके पर पीएल खंतवाल, अजयपाल सिंह रावत, देवेंद्र जोशी, नरेश कुमार मौजूद रहे।

### सीसी मार्ग की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : बलासौड़ निवासी किसान नेता पातीराम ध्यानी ने वार्ड नंबर 24 में बनाए गए सीसी मार्ग की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए हैं। कहा कि सीसी मार्ग कार्य के बोर्ड में लंबाई-चौड़ाई नहीं दर्शाया गया है। निर्माण कार्य की स्वीकृत लागत साढ़े चार लाख दर्शाई गई है। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को दिए गए ज्ञापन में पातीराम ध्यानी ने कहा कि वर्ष 2023-24 में बालासौड़ में विधायक निधि से सीसी मार्ग का निर्माण करवाया गया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद बोर्ड भी लगा दिया है, जिस पर सीसी मार्ग की लंबाई-चौड़ाई का कोई जिक्र नहीं है। कहा कि अच्छी सड़क को खोद कर दोबारा बनाया गया है। सड़क को दो हिस्सों में बनाया गया है, जिसके मध्य में 120 फीट पुरानी सड़क भी है। सड़क की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। उपजिलाधिकारी से सड़क की गुणवत्ता व मूल्यांकन की जांच लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता से करवाए जाने की मांग की है।

### गोपाल सिंह अध्यक्ष व राकेश डबराल बने सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तरांचल परिवहन कर्मचारी संघ जीएमओयू लि. कोटद्वार के श्रमिक यूनियन की नवीन कार्यकारणी का गठन किया गया। इस दौरान अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी गोपाल सिंह व सचिव पद की जिम्मेदार राकेश डबराल को दी गई। बैठक में उपाध्यक्ष राजेश चंद्र बुडाकोटी, संयुक्त सचित रामनारायण साहू, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार को चुना गया। जबकि, कार्यकारिणी सदस्य राकेश मोहन त्यागी, दर्शन सिंह, दिनेश चंद्र जदली, वीरेंद्र सिंह, अंजू नैनवाल, मंदीप नेगी को चुना गया। नव नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर अमरपाल सिंह नेगी, सुभाष चंद्र बलूनी, जगदीश असवाल, अश्वनी कुमार, सुरेश चंद्र कवटियाल, आशीष रावत, सावित्री देवी, दिव्यांक नेगी, अनिल उनियाल, सुनील कुमार, मेघराज सजवान, योगेश पटवाल, अपर्ण ध्यानी, राकेश रावत, सुनील बिष्ट, करण सिंह रावत, गणेश चंद्र ध्यानी, भूपेंद्र सिंह, रतन सिंह, महेश कुमार, विमल आदि मौजूद रहे।

# मतगणना की सभी तैयारियां पूरी करें अफसर : जिला निर्वाचन अधिकारी

## मतगणना स्थल पर बिना पास का प्रवेश नहीं किया जायेगा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में मतगणना की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने जिला कार्यालय स्थित एनआईसी कक्ष में अधिकारियों की बैठक ली। मतगणना हेतु निर्धारित तिथि 04 जून को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा व मानकों के अनुरुप सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि मतगणना 04 जून को सुबह 08 बजे से मतगणना निर्धारित स्थल राजकीय आर्दश इंटर कॉलेज पौड़ी नगर में होगी। कहा कि मतगणना स्थल पर बिना पास के प्रवेश नहीं किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ड्यूटी पर तैनात कार्मिकों व राजनैतिक पार्टी प्रत्याशियों के एजेंटों का प्रवेश पास बनाने को कहा।

मंगलवार को आयोजित मतगणना की तैयारियों की बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी एआरओ को निर्देश दिये कि वे एक बार लोनिवि के अधिकारियों के साथ मतगणना केन्द्र का निरीक्षण कर लें, ताकि मतगणना केन्द्र के सभी विधानसभा वार टेबल व उन पर तैनात आवश्यक कार्मिकों की तैनाती की जा सके। उन्होंने नोडल अधिकारी कार्मिक व डीआईओ एनआईसी को मतगणना के लिए तेजतर्रार कामिकों का चयन कर रेंडमाइज करने, वहीं नोडल अधिकारी प्रशिक्षण को निर्धारित तिथियों में सम्बंधित कार्मिकों का प्रशिक्षण करवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि यदि मतगणना केन्द्र में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरों की आवश्यकता है तो उसे प्राथमिकता के आधार पर लगवाना सुनिश्चित करें। साथ ही पर्याप्त बेरिकेडिंग व टेंट आदि की व्यवस्था हेतु लोनिवि के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी विधानसभाओं के एआरओ को मतगणना के लिए नियुक्त किये जाने वाले कार्मिकों की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतगणना स्थल पर एंबुलेंस व चिकित्सकों की तैनाती करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मतगणना के लिए सौंपे गए कार्यों को समझे और उसके लिए तैयारी करें। कहा कि मतगणना के दिन पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति हो और किसी भी वजह से मतगणना प्रभावित न हो इसका विशेष ध्यान रखें। बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविन्दर कौर, सीओ पुलिस अनुज कुमार, डीएसटीओ राम सलोने, अधिशासी अभियंता लोनिवि शिवा व दिनेश बिजल्वाण, सहायक निर्वाचन अधिकारी शांतिलाल शाह, एनआईसी अधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, मत्स्य अधिकारी अभिषेक मिश्रा, खंड विकास अधिकारी दृष्टि आनंद, ईओ गौरव भसीन सहित अन्य अधिकारी वर्चुअल माध्यम से उपस्थित थे।



जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आशीष चौहान अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

## सेवानिवृत्ति पर राजस्व निरीक्षक को दी विदाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : तहसील थलीसैण में कार्यरत राजस्व निरीक्षक भीम सिंह असवाल को विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। भीम सिंह असवाल ने वर्ष 1989 में पटवारी प्रशिक्षण प्राप्त कर 05 मई 1990 से पटवारी पद पर सेवा प्रारम्भ की। जुलाई 2019 में राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोनत्ति मिली। 30 अप्रैल 2024 तक लगभग 34 वर्षों की सेवा के उपरान्त सेवानिवृत्त हुए। मंगलवार को तहसील परिसर थलीसैण में तहसील थलीसैण, बीरोंखाल एवं चाकीसैण के राजस्व कर्मियों ने श्री असवाल को भावभीनी विदाई दी। विदाई समारोह में वक्ताओं ने श्री असवाल के कार्यशैली की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ, सुखद, समृद्ध एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए शुभकामनायें प्रदान की गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार थलीसैण आनन्द पाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी पीताम्बर दत्त बृजवासी, उप कोषाधिकारी थलीसैण करन सिंह भण्डारी, आशाराम पोखरियाल, सतेन्द्र सिंह, डॉ. सेमवाल, सुरेन्द्र सिंह नेगी, आनन्द सिंह नेगी, रणजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# मानवता हुई शर्मसार, झाड़ियों में मिला नवजात शिशु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

थलीसैंण : जनपद पौड़ी गढ़वाल के विकासखंड थलीसैंण से मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। थलीसैंण ब्लॉक के ग्राम हस्यूडी गधेरे में एक नवजात शिशु झाड़ियों में रोता हुआ मिला। महिलाओं ने मंगलवार को सुबह 108 सेवा को दी। नवजात शिशु को स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह हस्यूडी गांव की महिलाएं गधेरे की ओर जा रही थी। इसी दौरान बिच्छू घास (कंडाली) के अंदर से एक बच्चे की रोने की आवाज सुनाई दी। महिलाओं ने जब झाड़ी के अंदर देखा तो वहां एक नवजात शिशु को किसी ने नंगा फेंका हुआ था। महिलाएं नवजात शिशु को उठाकर गांव ले आई। महिला मंगल दल अध्यक्ष गोदाम्बरी देवी ने गांव की महिलाओं की बैठक बुलाकर इस बारे में जानकारी दी। महिला मंगल दल अध्यक्ष ने 108 सेवा और थाना थलीसैंण पुलिस को जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नवजात शिशु को 108 सेवा के माध्यम से स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में भर्ती कराया। जहां चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर ने नवजात शिशु की जांच की। डॉक्टर ने बताया कि बच्चा स्वस्थ है, लेकिन उसके पांव और गाल पर मामूली खरोच आई है।

स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण के प्रभारी डॉक्टर अरेन्द्र ने बताया कि नवजात शिशु दो-तीन दिन तक स्वास्थ्य केंद्र थलीसैंण में डॉक्टरों की देख रेख में रहेगा। वहीं थलीसैंण पुलिस का कहना है कि मामले की रिपोर्ट सीडब्ल्यूसी पौड़ी को भेज दी है। गांव की महिला श्रीमती सुर्मिला देवी, रेखा देवी, महिला मंगल दल अध्यक्ष गोदाम्बरी देवी, 108 सेवा के ईएमटी नितेश सिंह रावत ने नवजात शिशु को बचाने में अहम भूमिका निभाई।

## छात्र अभिभावक व लोगों को वनाग्नि को लेकर करें जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : ग्रीष्म काल में वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन द्वारा वृहत स्तर पर जन-जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद गौड ने छात्रों से अभिभावकों व आसपास के लोगों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करने की अपील की।

अभियान के तहत एक ओर जहां वन, कृषि व उद्यान विभाग के क्षेत्रीय कर्मचारियों द्वारा गांव-गांव जाकर लोगो को वनाग्नि से होने वाले नुकसान व इसकी रोकथाम को लेकर जानकारी दी जा रही है, वहीं शिक्षण संस्थानों में शिक्षणरत्त छात्रों के माध्यम से अभिभावकों जागरुक किया जा रहा है।

मुख्य शिक्षा अधिकारी दिनेश चंद गौड ने बताया कि जनपद के सभी हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट स्कूलों में शिक्षणरत्त छत्रों को वनाग्नि को लेकर शपथ दिलाई जा रही है। साथ ही वनाग्नि से वन्य जीव-जन्तुओं व वनस्पतियों को होने वाले नुकसान से पर्यावरण संतुलन बिगड़ने की आशंका से छात्रों को अवगत कारया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छात्रों को वनाग्नि के प्रति जागरुक करने का उदेश्य है कि छात्र घर जाकर अपने अभिभावकों को वनाग्नि से होने वाले नुकसान के प्रति जागरुक कर सकें।

## हंगामा करने पर दो का काटा चालान

चमोली : गोपेश्वर। नंदानगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर हंगामा करने के आरोप में दो लोगों का चालान काटा। थानाध्यक्ष राजेश सिंह नेगी ने बताया सोमवार रात नंदानगर में सोनू निवासी मोख मल्ला और सरादु राम निवासी ग्राम भेंटी को पकड़ा गया। एसओ के अनुसरा दोनों समझाने बुझाने पर भी नहीं माने। जिसके बाद आरोपियों को हिरासत में लेकर चालान कर दिया गया। (एजेंसी)

## फरार वारंटी गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : थाना सतपुली पुलिस ने म्लंबे समय से फरार चल रहे एक वारंटी को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष दीपक तिवारी ने बताया कि आरोपी अरविंद सैनी निवासी ग्राम भागीजोत, थाना अफजलगढ़, जनपद बिजनौर, उत्तर प्रदेश के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी हुआ था। फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस टीम में एएसआई सोहन लाल, हेड कांस्टेबल कैलाश शामिल रहे।

# छात्रों को देश सेवा के लिए किया प्रेरित

## भारतीय वायु सेना ने जनपद में चलाया प्रेरक अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारतीय वायुसेना की ओर से वायु सेवा में भर्ती के लिए छात्र-छात्राओं को प्रेरित करने के लिए करियर-काउंसिलिंग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। वायुसेना की टीम ने राइंका क्यार्क (पौड़ी), राइका देहलचोरी (कोट), राइका श्रीनगर (खिर्सू) के छात्र-छात्राओं में देशभक्ति का जज्बा भरकर देश सेवा के लिए प्रेरित किया।

मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज क्यार्क में सार्जेंट दीपक केसरी और सार्जेंट संजय कुंडू द्वारा छात्र-छात्राओं को वायुसेना में सेवा देने के लिए प्रेरित किया। अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर वायु सैनिकों की भर्ती प्रक्रिया और इससे जुड़ी शंकाओं को दूर किया गया। उन्होंने ऑनलाइन आवेदन करने से लेकर लिखित परीक्षा, शारिरक परीक्षा, मेडिकल की तैयारी, भर्ती प्रक्रिया के बाद चार साल की सेवा करने पर आगे की संभावनाओं के बारे में विस्तार से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी। भारतीय वायु सेना की टीम पौड़ी और निकटवर्ती क्षेत्रों के विभिन्न राजकीय इण्टर कॉलेजो और सरकारी पोलटेक्निक संस्थानों में 30 अप्रैल से 04 मई तक वायु सेना प्रेरक अभियान चलायेगी। टीम अग्निवीर कैडर भर्ती और ऑफिसर कैडर भर्ती आवश्यक प्रक्रियाओं जैसे कि शैक्षणिक योग्यताएं, शारीरिक मापदण्ड, चिकित्सा परिक्षण और परीक्षाऐं कितनें चरणों में होती है इन सभी का विधिवत रूप से कॉलेजों के छात्र-छात्राओं को जानकारी देगी। इस दौरान मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय से आये अधिकारी, कर्मचारी व विद्यालयों के प्रधानाचार्य/शिक्षक उपस्थित रहे।



# जंगल में लगी आग ग्रामीणों ने बुझाई

चमोली : चमोली जिले के दशोली विकासखंड के मेड़ ठेली के जंगलों में सोमवार देर रात को अचानक आग लग गई।

आग इतनी तेज थी कि हवा के चलते वह रिहायशी इलाके तक आ सकती थी। जंगल में आग लगी देख ग्रामीण घरों से बाहर निकल आये। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने के लिए सामूहिक प्रयास किए। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

मेड़ ठेली के पूर्व ग्राम प्रधान सुरेन्द्र सिंह रावत ने बताया कि सोमवार रात्रि को अचानक मेड़ ठेली के जंगलों में आग लग गई। जंगल में आग भडकी देख कर सभी ग्रामीण जंगल की ओर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाने में सफलता पाई। जंगल में लगी आग को बुझाने में महिला मंगल दल अध्यक्ष कमला देवी, महिला मंगल दल की पूर्व अध्यक्ष जमुना देवी, सरस्वती देवी, भुवना देवी, मांगी देवी, बीना देवी, बलवीर सिंह रावत आदि ग्रामीण शामिल रहे। (एजेंसी)

## स्नेहा ने हाईस्कूल की मेरिट सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया

चमोली : राजकीय बालिका इंटर कालेज नारायणबगड़ की हाईस्कूल की छात्रा स्नेहा ने उत्तराखंड मेरिट सूची में 24वां स्थान प्राप्त किया है। स्नेहा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और अभिभावकों ने खुशी व्यक्ति की है। राजकीय बालिका इंटर कालेज नारायणबगड़ और ग्राम लेगूना नारायणबगड़ निवासी स्नेहा ने कुल 500 में से 475 अंक (84.80 फीसदी) प्राप्त कर उत्तराखंड बोर्ड की मेरिट लिस्ट में 24वां स्थान हासिल किया। स्नेहा के पिता पशुपालन विभाग में कार्यरत हैं और माता आंगनवाड़ी में कार्यकत्री हैं। स्नेहा ने इस सबका श्रेय अपनी माता और गुरुजनों को दिया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुशवर सिंह भंडारी, मिथलेश सती, महिपाल नेगी, अजय नेगी ने खुशी जाहिर कर उज्जवल भविष्य की कामना की। (एजेंसी)

## हाईस्कूल में शुभम ने हासिल किए 95.80 प्रतिशत अंक

चमोली : उत्तराखंड बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा में जीआईसी जाख के शुभम डंगवाल ने 19वीं रैंक प्राप्त कर 95.80 अंक हासिल किए। वहीं, एसडी इंटर कॉलेज सिवाई के सूजल सिंह ने 24वीं रैंक के साथ 94.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। उनके पिता मजदूरी करते हैं और मां गृहणी है। हायर सेकेंड्री स्कूल नौटी की मोनिका ने 25वीं रैंक के साथ 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनके पिता की दुकान है, जबकि माता गृहणी है। वह नेटवर्क मार्केटिंग में करियर बनाना चाहती हैं। (एजेंसी)

# सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

नई टिहरी : सीडीओ डॉ. अभिषेक त्रिपाठी ने मंगलवार को चंबा ब्लॉक के बड़ा स्यूटा और मंज्यूड गांव में चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इस मौके पर सीडीओ ने ग्राम स्तर पर चल रहे विकास कार्यों तथा कृषि व बागवानी कार्यों की जानकारी ग्रामीणों से ली। ग्रामीणों ने सीडीओ को जंगली जानवरों से खेती को हो रहे नुकसान की जानकारी दी। जिस पर सीडीओ ने ग्रामीणों से कृषि एवं बागवानी भूमि के चारों ओर से बांस की बायो फेसिंग व घेरवाड़ करने की बात कही। सीडीओ ने बताया कि बांस का पौधा तेजी से बढ़ता है। कास्तकार बागवानी भूमि पर बांस के पौधों की दो से तीन कतार बना सकते हैं, जो कि आने वाले कुछ समय में भूमि की अच्छी घेरबाड़ कर देंगे। वहीं इसका वाणिज्य उपयोग भी किया जा सकता है, जो कास्तकारों के लिए आय का स्त्रोत भी हो सकता है। इस मौके पर बीडीओ, ग्राम्य विकास, मनरेगा सहित अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुष्कर्म का आरोपी मामा गिरफ्तार

चमोली : थराली तहसील के तहत नाबालिक भांजी से दुष्कर्म के आरोप में राजस्व पुलिस ने सोमवार को आरोपी मामा को गिरफ्तार कर कोर्ट से जेल भेज दिया है। आरोपी को विशेष सत्र न्यायाधीश की समक्ष पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक डिमांड पर जेल भेज दिया।

थराली तहसील में एक व्यक्ति ने 28 अप्रैल को तहरीर दी कि उसकी 15 वर्षीय बेटी को उसके सगे मामा 21 अप्रैल को अपने साथ यह कहकर घर ले गए कि उनके घर पर धार्मिक अनुष्ठान होना है।

जिसमें भांजी मदद कर लेगी। पीड़िता ने अपने घर आकर परिजनों को घटना के बारे में बताया कि आरोपी मामा ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। (एजेंसी)

## एक नजर

### टीम ने किया महाविद्यालय का निरीक्षण

नई टिहरी : श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विवि बादशाहीथौल की टीम ने मंगलवार को कला, विज्ञान, वाणिज्य सहित विभिन्न व्यवसायिक पाठ्यक्रमों की संबद्धता को लेकर धर्मानंद उनियाल महाविद्यालय नरेंद्रनगर का निरीक्षण किया। दल ने सत्र 2019 से 2025 तक 6 वर्षों के लिए संबंद्धता विस्तार के लिए विभिन्न विषयों के लिए अवस्थापना, एकेडमिक, सैद्धांतिक, प्रायोगिक के साथ मानव संसाधन आदि को लेकर महाविद्यालय का निरीक्षण किया। (एजेंसी)

### मेले में श्रद्धालुओं की जमकर खरीदारी

नई टिहरी : जाखणीधार ब्लॉक के ढुंगमंदार पट्टी के सेमंडीधार में प्रसिद्ध नरसिंग देवता का मेला मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया। दूर-दराज से आई ध्याणियों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने नरसिंग देवता के मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। साथ ही मेले में लगी दुकानों से श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदारी की। नरसिंग देवता के पौराणिक मेले पर स्थानीय ग्रामीणों ने ग्राम सेमा से ढोल-दमाऊं के साथ देवता के निशान सेमंडीधार स्थित मंदिर में ले गए। मंदिर में ग्रामीणों ने हवन यज्ञ कर देवता को प्रसाद चढ़ाया। (एजेंसी)

### खेतों की आग पहुंची जंगलों में

नई टिहरी : मंगलवार को भिलंगना ब्लॉक के बालगंगा रेंज के गनगर में ग्रामीणों द्वारा खेतों में झाड़ियां जलाने के दौरान आग तेजी से आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। आग की सूचना पर मौके पहुंची वन विभाग की टीम में किसी तरह आग पर काबू पाया। मंगलवार को गनगर में लगी खेतों की आग तेजी से जंगल की ओर फैल गई। रेंज अधिकारी प्रदीप चौहान ने बताया कि वन विभाग के कर्मियों की मुस्तैदी के चलते आग पर काबू पा लिया गया है। उन्होंने लापरवाही से आग लगने वालों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है। (एजेंसी)

### मन को एकाग्र रखने के लिए ध्यान व योग जरूरी

चमोली : केंद्रीय विद्यालय ग्वालदम में मंगलवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से नशा मुक्ति अभियान चला छात्रों को जागरूक किया गया। छात्रों को स्वयं और परिजनों को भी नशे से दूर रखने को कहा। मन को एकाग्र रखने के लिए ध्यान, योग की जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य अजय घिल्डियाल ने कहा कि छात्र नशे से दूर रहेंगे तो उन्हें सफलता मिलेगी। ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से मंजू रावत, सुरेंद्र सिंह आदि ने नशे से होने वाले नुकसान बताए।

### अर्चित ने हाईस्कूल में प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया

चमोली : जेएसएनएसएन मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज गैरसैंण में छात्र अर्चित ढौंडियाल ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 98.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है। मेधावी अर्चित के पिता दिवाकर ढौंडियाल इसी विद्यालय में अध्यापन का कार्य करते हैं। मां गंगा देवी मनरेगा में रोजगार सेवक है। (एजेंसी)

### मतदाता जागरूकता अभियान में उत्तराखंड ने किया टॉप

देहरादून। उत्तराखंड मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा मतदाता जागरुकता के लिए चलाए गए सोशल मीडिया अभियान को भारत निर्वाचन आयोग की रैंकिंग में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ बीवीआरसी पुरुषोत्तम ने बताया कि लोकसभा चुनावों से पहले उत्तराखंड में मतदान जागरूकता अभियान को ग्राउंड स्तर और सोशल मीडिया पर योजनाबद्ध तरीके से तेजी से चलाया गया। मतदान जागरूकता और जानकारी से भरे क्रिएटिव कंटेंट को लोगों ने खूब पसंद किया। सीमांत ग्रामीण क्षेत्रों की पारंपरिक वेशभूषा में वोट देने अपील, महिला समूह का मतदान गीत, स्टेट आइकॉन के साथ ही बॉलीवुड स्टार्स की अपील सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। लोगों ने सीईओ उत्तराखंड के सोशल मीडिया हैंडल पर चलाए गए रील्स और क्विज कंपीटीशन में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इधर ,सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने मंगलवार को सचिवालय स्थित मीडिया सेंटर में सोशल मीडिया टीम के साथ बैठक कर नोडल अधिकारी (सूचना) रवि विजारनीया के नेतृत्व में टीम द्वारा किए गए कार्य की सराहना की। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ विजय कुमार जोगदंडे, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी नमामि बंसल ने भी टीम को बधाई दी।

# राज्यपाल ने किया राजभवन ऑडिटोरियम में आयोजित महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा–शिक्षा विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित महिला स्वास्थ्य परीक्षण एवं कैंसर जांच शिविर में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में एम्स–ऋषिकेश की महिला एवं स्त्री रोग विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर जया चतुर्वेदी द्वारा उपस्थित महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर के लक्षण एवं बचाव पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। इस अवसर पर दून मेडिकल कॉलेज की स्तन कैंसर विशेषज्ञ नेहा महाजन स्तन कैंसर के कारण, लक्षण एवं बचाव पर प्रकाश डाला। इस शिविर में संज्ञानात्मक बातचीत और उचित परामर्श के साथ शिविर में आने वाली महिलाओं का ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन और ब्लड शुगर के अलावा, हॉट ट्यूबल जांच, स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा सर्वाइकल कैंसर की आंतरिक जांच, आवश्यकतानुसार पैप स्मीयर और एचपीबी जांच भी की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा की स्तन कैंसर से बचाव हेतु जागरूकता एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इस प्रकार के कार्यक्रमों से महिलाएं अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होंगी। उन्होंने कहा कि आज स्तन कैंसर के क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रिसर्च और डाटा एकत्र करने की जरूरत है और नियमित जाचं एवं स्व प्रशिक्षण को बढ़ावा देकर हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि महिला स्वस्थ होगी तो इसका लाभ उनके परिवार तथा समुदाय सभी को होता है। निश्चित ही एक स्वस्थ्य व प्रसन्नचित्त महिला के बच्चे अधिक स्वस्थ होंगे, वह अपने परिवार की अच्छी तरह से देखभाल कर सकेगी और इस प्रकार अपने समाज के प्रति अधिक योगदान कर सकेगी। उन्होंने कहा कि किसी महिला के स्वास्थ्य की समस्या केवल उसकी समस्या नहीं होती है, अपितु महिलाओं का स्वास्थ्य एक सामाजिक व सामुदायिक मुद्दा है। राज्यपाल ने कहा कि आज महिलाएं सभी क्षेत्रों में पुरुषों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। चाहे वे अपने घर में गृहणी के रूप में कार्य कर रह रहे हों या बाहर काम कर रहे हों, वे अपनी शिक्षा, करियर और पेशे के संबंध में अपने निर्णय स्वयं ले रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं अपने पेशे के साथ–साथ अपने घर और परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच संतुलन बनाने का भी ध्यान रखती हैं और वे एक माँ, एक बेटी, एक बहन, एक पत्नी और एक कामकाजी पेशेवर की कई भूमिकाएं पूरे सामंजस्य से निभा रही हैं। इस अवसर पर प्रथम महिला गुरमीत कौर, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव राज्यपाल स्वाति एस. भदौरिया, एम्स ऋषिकेश की निदेशक प्रो. मीनू सिंह, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा–शिक्षा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मदन लाल ब्रह्म भट्ट, दून मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आशुतोष सयाना, भारतीय सेना के परिवारों से आमंत्रित महिलाएं, राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मियों सहित मेडिकल कॉलेज के शिक्षक एवं छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# कोसी नदी खनन क्षेत्र में ढांग गिरने से एक व्यक्ति की मौत

काशीपुर। सुल्तानपुर पट्टी के कोसी नदी में सोमवार को अपराह्न करीब तीन बजे खनन कर रहे बेटे को खाना देने गए एक व्यक्ति के ऊपर ढांग गिर गई।

इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां मौजूद लोगों ने घायल को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन वहां से उनको मुरादाबाद भेज दिया गया, जहां इलाज के दौरान घायल ने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार सुल्तानपुर पट्टी की कोसी नदी के बख्शी घाट पर खनन किया जा रहा था।

सुल्तानपुर पट्टी निवासी 45 वर्षीय नजीर हुसैन पुत्र अशफाक हुसैन का बेटा उबैश कोसी नदी के बख्शी घाट में खनन का कार्य कर रहा था। बीते सोमवार को नजीर अपने बेटे को दोपहर का खाना देने के लिए घाट पर गये थे। धूप अधिक होने के कारण अपराह्न करीब तीन बजे वह घाट पर ही ढांग के नीचे बैठकर आराम करने लगे कि अचानक ढांग भरभराकर उनके उपर आ गिरी और वह नीचे दब गए। इस घटना में नजीर बुरी तरह से घायल हो गए।

वहीं मौके पर मौजूद आसपास के लोगों ने नजीर को काशीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने नजीर को रेफर कर दिया। मुरादाबाद में उपचार के दौरान नजीर की मौत हो गई। मृतक नजीर के तीन पुत्र और 2 पुत्रियां हैं। दो वर्ष पूर्व उनके एक पुत्र की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। सुल्तानपुर पट्टी चौकी इंचार्ज अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि ढांग के गिरने से एक व्यक्ति की मौत हुई है, लेकिन पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई है।

# चार महीनों में 106 आग हादसों में जलकर राख हुई तीन करोड़ की संपत्ति

हल्द्वानी। बढ़ता तापमान और बदलता मौसम आग हादसों के मामलों को बढ़ाता जा रहा है। यही वजह है कि एक जनवरी 2024 से लेकर 26 अप्रैल 2024 के बीच ही नैनीताल जिले में आबादी के बीच आग की 106 घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन चार महीनों में जहां लोगों की तीन करोड़ की संपत्ति जलकर राख हो गई। वहीं दमकल विभाग की सक्रियता से 12 करोड़ की संपत्ति को बचाया जा सका। इन्हीं चार महीनों में जंगल में आग लगने की 70 घटनाओं में दमकल टीम ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। साल 2023 में नैनीताल जिले के दमकल रिकॉर्ड में आग की 255 घटनाएं दर्ज हुई थीं। इनमें सर्वाधिक 140 हादसे हल्द्वानी, 66 मामले रामनगर और 49 मल्लीताल में सामने आए थे। वहीं साल 2024 के शुरुआती चार महीनों में ही 106 आग के हादसे दर्ज हो चुके हैं। इनमें हल्द्वानी शहर में 80, रामनगर में 19 और मल्लीताल में अभी तक 7 आग की घटनाएं हुई हैं। साल 2023 में हुई आग की घटनाओं में 6,32,85,245 रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई थी। इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच ही तीन करोड़ की संपत्ति का नुकसान हो चुका है। हर दिन बढ़ते आंकड़ों को देख दमकल विभाग की चिंताएं भी बढ़ गई हैं। आगामी मई और जून के महीनों में दमकल विभाग का हाईअलर्ट जारी हो चुका है। वहीं मौसम वैज्ञानिक भी बढ़ती गर्मी से चिंतित हैं। मौसम विभाग रोज दमकल अधिकारियों को मौसम से जुड़ी जानकारियां साझा कर रहा है। ताकि समय रहते अधिकारी अपनी टीमों को सक्रिय कर सकें।

## लोकनृत्य प्रतियोगिता में दिखी संस्कृति की छटा

देहरादून। कासीगा स्कूल ने लोकनृत्य के रंगारंग कार्यक्रम फोक वाइब्स के तृतीय वर्ष की मेजबानी की। प्रतियोगिता में डीआईएस और रिवरसाइड स्कूल ने प्रथम, टोंस ब्रिज ने द्वितीय और एन मैरी स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कथक कलाकार प्रिया शर्मा, भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना विदिशा अग्रवाल और कथक कलाकार अनुपमा भद्री कोठियाल रही। उप–विद्यालय प्रमुख अरुंधती शुक्ला ने प्रतियोगी विद्यालयों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के दौरान भारत के साथ–साथ विभिन्न देशों के विविध लोक नृत्यों का भी प्रदर्शन किया गया,

## देव पब्लिक स्कूल पटना बनी क्रिकेट चैंपियन

देहरादून। कसीगा स्कूल देहरादून में आयोजित पीसी बत्ता मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मंगलवार को देव पब्लिक स्कूल पटना ने जीता। टीम ने द एशियन स्कूल देहरादून को नौ विकेट से शिकस्त दी। कसीगा के क्रिकेट ग्राउंड पर द एशियन स्कूल और देव पब्लिक स्कूल पटना के बीच फाइनल खेला गया। एशियन स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 120 रनों का लक्ष्य रखा।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी देव पब्लिक स्कूल ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 7.5 ओवरों में लक्ष्य हासिल कर लिया। सूर्य प्रकाश को मैन ऑफ द मैच चुना गया। 15 अप्रैल से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में देश के छह राज्यों की 16 टीमों ने हिस्सा लिया। स्कूल के चेयरमैन रमेश बत्ता ने विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया।

# चैतीमेले में नक्शे के मुताबिक नहीं लगीं दुकानें

काशीपुर। चैतीमेला नक्शे के अनुसार न लगाए जाने, रास्ते तंग होने और सफाई आदि की व्यवस्थाओं को लेकर की गई आपत्तियों की सुनवाई मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने की। उन्होंने लेखपाल को पैमाइश करने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए है।

इसी क्रम में लेखपाल ने मेले में खेल तमाशे व फूड जोन की पैमाइश की। कृष्णानगर वार्ड नंबर तीन निवासी दलीप सक्सेना ने चैतीमेले में अनाधिकृत दुकानों को लेकर नैनीताल हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसमें कहा गया कि चैतीमेले में दुकानें, खेल तमाशे और फूड जोन के स्टाल नक्शे के मुताबिक नहीं लग रहे हैं। इसमें टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। झूला व पार्किंग सेक्टर में अनाधिकृत दुकानें लगाई गई हैं। मेले में रास्ते भी संकरे छोड़े गए हैं और सफाई व्यवस्था का कोई प्रबंधन नहीं है। हाईकोर्ट ने मेला मजिस्ट्रेट एसडीएम को याचिका में उठाई गई आपत्तियों के निस्तारण के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में मंगलवार को एसडीएम ने सभी ठेकेदारों और मेला संचालन से जुड़े लोगों की बैठक बुलाकर आपत्तियों को सुना। एसडीएम ने लेखपाल गौरव चौहान को झूला सेक्टर, फूड जोन व पार्किंग आदि की पैमाइश करने के निर्देश दिए हैं। लेखपाल गौरव ने मेले में दुकानों की पैमाइश का काम शुरू कर दिया है।

चैतीमेले की दुकानों के नक्शे और गंदगी आदि को लेकर कुछ दुकानदारों ने आपत्ति की थी। सभी आपत्तियों की सुनवाई कर उनके निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। –अभय कुमार सिंह, एसडीएम काशीपुर( आरएनएस)।

## राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य ने ली प्राध्यापकों की बैठक

काशीपुर। राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य प्रो. कमल किशोर पांडे की अध्यक्षता में परीक्षा विभाग तथा आईक्यूएसी ने प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप परीक्षा में हुए परिवर्तन की जानकारी देने हेतु एक कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें परीक्षा प्रभारी डॉ आदर्श चौधरी ने आगामी सम सेमेस्टर की परीक्षा नियमों में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी। इसमें उन्होंने विस्तार से बताया की इन परीक्षाओं में परीक्षार्थी द्वारा पेंसिल से कॉपियों पर अपनी जानकारी जैसे रोल नंबर प्रश्न पत्र कोड इत्यादि परीक्षा की कॉपी पर लिखी जानी है। कुमायूं विश्वविद्यालय द्वारा नई कॉपियां का परीक्षाओं हेतु प्रयोग किया जा रहा है, जिसमें प्रथम पेज पर ओएमआर शीट लगी हुई होगी और इस शीट को सावधानीपूर्वक भरना होगा, ताकि रिजल्ट प्रोसेस करने में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो।

# देवभूमि पत्रकार यूनियन के हरीश खनेडा जिलाध्यक्ष, नवीन जोशी जिला महामंत्री मनोनीत




देहरादून। उत्तराखंड के पत्रकारों की प्रतिनिधि संस्था " देवभूमि पत्रकार यूनियन", (पंजी.) के प्रदेश मुख्यालय का उद्घाटन प्रदेश अध्यक्ष विजय जायसवाल द्वारा रिबन काट कर किया गया।

तत्पश्चात कार्यालय में हुई प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में यूनियन की जिला देहरादून इकाई का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से जनतंत्र टी.वी. के ब्यूरो हेड हरीश खनेड़ा को जिलाध्यक्ष, साप्ताहिक प्रभात चिंगारी के संपादक नवीन चंद्र जोशी को जिला महामंत्री एवं सांध्य दैनिक "देवपथ" के ब्यूरो रजत शर्मा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। तीनों को परस्पर सहमति से एक सप्ताह के भीतर शेष कार्यकारिणी के गठन का अधिकार दिया गया। बैठक में आगामी 30 मई को पत्रकारिता दिवस एवं अभिनंदन समारोह मनाने की रूपरेखा भी तय की गई। यूनियन द्वारा अंतिम मतदाता सूची की प्रदेश महासचिव द्वारा सदन में प्रस्तुत की गई। बैठक में सर्वसम्मति से अगले माह 23 जून को आम सभा बुलाने एवं द्विवार्षिक चुनाव संपन्न कराने पर भी निर्णय लिया गया। महामंत्री जी द्वारा जानकारी दी गई कि यूनियन के एक सदस्य संजय भट्ट की मृत्यु पर उनकी पत्नी रूपसी बडोला को यूनियन द्वारा पच्चीस हजार की आर्थिक मदद दी गई एवं पत्रकार कल्याण कोष से पांच लाख रुपए की सहायता राज्य सरकार की ओर से उपलब्ध कराई गई।

बैठक में तेजराम सेमवाल, पंडित सुभाष चंद्र जोशी, विजय जायसवाल, डॉ.वी.डी.शर्मा, दीपक धीमान, शशिकांत मिश्रा, गोपाल सिंघल, राजेश भटनागर, सूर्य प्रकाश शर्मा, ऋतुराज गेरोला, मनमोहन बधानी, संदीप राणा, जी.एस.बब्बर, रजत शर्मा, नवीन जोशी, हरीश खनेडा, बॉबी गुप्ता, रोहित कुमार आदि उपस्थित थे।

## तीन को शिवानी दीदी आएंगी ऋषिकेश

ऋषिकेश। आध्यात्मिक वक्ता शिवानी दीदी तीन मई की सुबह ऋषिकेश में होंगी। वह यहां अच्छी सोच–बेहतर जिंदगी शीर्षक पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवचन करेंगी। आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ऋषिकेश सेंटर जुटा है। मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित वार्ता में सेंटर प्रमुख बीके आरती ने बताया कि तीन मई की सुबह 6:30 कार्यक्रम शुरू होगा। हरिद्वार रोड स्थित आशीर्वाद वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में शिवानी दीदी करीब डेढ़ घंटे तक अच्छी सोच–बेहतर जिंदगी शीर्षक पर प्रवचन करेंगी। कहा कि वह ज्ञान और आध्यात्म के माध्यम से जीवन में सकारात्मक बदलाव समेत विभिन्न विषयों पर भी बातचीत करेंगी। बीके आरती ने बताया कि छह हजार लोगों के आयोजन में शामिल होने की संभावना है, जिसमें अभीतक करीब दो हजार लोग शामिल होने के लिए रजिस्ट्रेशन कर चुके हैं।

# ग्रामीणों के विरोध से अंग्रेजी शराब की दुकान बंद

ऋषिकेश। अमितग्राम गुमानीवाला में मंगलवार को शराब की दुकान खुलने पर ग्रामीण भड़क गए। गुस्साए ग्रामीणों ने शराब की दुकान के बाहर जमकर हंगामा काटा। उन्होंने दुकान का होर्डिंग भी फाड़ दिया, जिसके बाद ग्रामीणों ने ऋषिकेश–हरिद्वार नेशनल हाईवे को जाम कर दिया। आंदोलन के चलते शराब की दुकान को बंद करना पड़ा। आबकारी निरीक्षक के लिखित में आश्वासन देने पर ग्रामीण मानें। अमितग्राम गुमानीवाला में पहले से ही शराब की दुकान खुलने का विरोध चल रहा है। ग्रामीण डीएम तक को पत्र भेज कर शराब की दुकान नहीं खोलने की मांग कर चुके हैं। बावजूद इसके अमित ग्राम गुमानीवाला में अंग्रेजी शराब की दुकान खोल दी गई है। दुकान खुलने के बाद से ग्रामीण गुस्से में है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण अंग्रेजी शराब की दुकान के बाहर पहुंचे। उन्होंने नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर हंगामा किया। सड़क पर बैठकर ट्रैफिक को जाम कर दिया। शराब की दुकान होर्डिंग्स फाडकर शटर को तोड़ने की कोशिश भी की गई। सूचना मिलने पर शराब के ठेकेदार ने पुलिस को मौके पर बुलाया। पुलिस की भी ग्रामीणों के साथ बहस हुई। आखिरकार शराब की दुकान का शटर ग्रामीणों के गुस्से के आगे बंद करना पड़ा। मौके पर एसडीएम कुमकुम जोशी,सीओ संदीप नेगी, कोतवाल शंकर सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और आंदोलनकारियों को समझाया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक प्रेरणा बिष्ट ने ग्रामीणों को लिखित में इस स्थान पर ठेका नहीं खोलने का आश्वासन दिया। जिसके बाद ग्रामीण शांत हुये। महिला आंदोलनकारी विजय नौटियाल ने बताया कि सरकार पहले ही अमित ग्राम में कचरा निस्तारण प्लांट जबरदस्ती आबादी के क्षेत्र में लगाने का काम कर चुकी है।

# राष्ट्रीय राजमार्ग की हालत नहीं सुधरी तो होगा उग्र आन्दोलन



अल्मोड़ा। विगत लंबे समय से अल्मोड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे झाड़ियों का कटान एवं नालियों का सुधारीकरण न होने से आम जनता को काफी दिक्कतें हो रही हैं। पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों को मौके पर बुलाकर तत्काल राष्ट्रीय राजमार्ग की नालियों का सुधारीकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे की झाड़ियों का कटान तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में क्रश बैरियर लगाए जाने की मांग को लेकर मौके पर ही पत्र सौंपा एवं समस्याओं का समाधान न होने पर एक सप्ताह बाद उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग को सौंपे पत्र में पूर्व दर्जा मंत्री बिट्टू कर्नाटक ने कहा कि नेशनल हाईवे के किनारे स्थित नालियों के जाम होने से सारा गंदा पानी सड़कों पर आ रहा है एवं बारिश के समय में लोगों के घरों में यह पानी घुसने की आशंका है। इसी तरह राष्ट्रीय राजमार्ग में अनेक स्थान ऐसे हैं जहां क्रश बैरियर नहीं लगाए गये हैं जिससे उन स्थानों में दुर्घटना की सम्भावना बनी हुई है। पत्र के माध्यम से कहा कि राष्ट्रीय मार्ग की दुर्दशा की ओर न तो विभाग के अधिकारी ध्यान दे रहे हैं और न ही प्रशासन एवं सरकार ध्यान दे रही है।

# विधिक जागरूकता शिविर में छात्रों को दी विधिक जानकारी



अल्मोड़ा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा द्वारा मंगलवार को अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कालेज चौनलिया व राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय चौनलिया भिकियासैंण में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किए गए।

शिविर में निशुल्क सरल कानूनी ज्ञानमाला पुस्तकों का भी वितरण किया गया व सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शचि शर्मा द्वारा उपस्थित छात्र–छात्राओं को मोटर वाहन अधिनियम, दिव्यांगजनों के अधिकार व कौशल विकास, रोजगार सेतु एप, महिलाओं के अधिकार, जुवेनाइल जस्टिस अधिनियम, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अल्मोड़ा के कार्यों, नालसा पोर्टल, पर्यावरण संरक्षण हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम, जंगलों में लगने वाली आग से पर्यावरण को होने वाले नुकसान व वायु प्रदूषण के दुष्प्रभाव, साइबर अपराध, रिवेंज पॉर्न, साइबर स्टाकिंग, साइबर उत्पीड़न, साइबर बुलिंग, नालसा योजना 2015, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, निशुल्क विधिक सहायता, गौरा शक्ति एप, नालसा हेल्प लाइन नम्बर 15100, नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव, रोकथाम एवं उपचार, गिरफ्तारी और गिरफ्तारी से पहले, गिरफ्तारी और रिमांड चरण पर न्याय तक पहुंच, बाल विवाह प्रतिबंध, बाल श्रम प्रतिबंध, पॉक्सो अधिनियम, गुड टच, बैड टच, बालकों के अधिकारों आदि के विषय में जागरूक किया गया एवं आगामी 11 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के विषय में भी जानकारी दी गई। शिविरों में विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं पैरा लीगल वालियंटर हेमा पाण्डे, दीपा आर्या व नीता नेगी उपस्थित रहीं।

# लूट की घटना का खुलासा नहीं होने से नाराज लोगों ने घेरी कोतवाली



अल्मोड़ा। अल्मोड़ा में पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज़ लोगों ने कोतवाली पहुंच कर कोतवाली का घेराव किया। लोगों का आरोप है कि मतदान के दिन चीनाखान के पास एक बदमाश महिला के गले से मंगलसूत्र छीनकर भाग गया था लेकिन अभी तक पुलिस उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है। कोतवाली का घेराव करने वाले लोगों ने कहा कि अगर पुलिस अविलम्ब उस बदमाश को गिरफ्तार नहीं कर पाई तो जनता पुलिस के खिलाफ उग्र आंदोलन को बाध्य होगी। कोतवाली पहुंची कांग्रेस की जिला महामंत्री गीता मेहरा ने कहा कि बड़े शर्म की बात है कि अल्मोड़ा जैसी शान्त नगरी में दिन दहाड़े एक महिला का मंगलसूत्र लूट लिया जाता है और दस दिन के बाद भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं होती। उन्होंने कहा ऐसे में महिलाएं स्वयं को किस प्रकार सुरक्षित महसूस करेंगी ये सोचनीय विषय है। रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष मनोज सनवाल ने कहा कि घटना के दस दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। धर्मनिरपेक्ष युवा मंच के संयोजक विनय किरौला ने कहा कि युवाओं में बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति भी इन घटनाओं के पीछे बड़ा कारण है। ऐसे मामलों में अतिशीघ्र अभियुक्त की गिरफ्तारी हो जानी चाहिए थी। कांग्रेस के नगर महामंत्री संगठन वैभव पाण्डेय ने कहा कि ऐसी घटनाओं का होना भविष्य के लिए अच्छे संकेत नहीं है। पुलिस को यथाशीघ्र कड़ी कार्यवाही कर अभियुक्त को गिरफ्तार करना चाहिए। भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह मोनू ने कहा कि ऐसी घटनाओं से लोगों में भय को माहौल बनता है इसलिए पुलिस को कार्यवाही में तेजी लानी चाहिए। देवभूमि व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय साह रिख्खू ने कहा कि दिन दहाड़े पोलिंग बूथ से मात्र दो सौ मीटर दूर इस तरह की लूट की घटना होना बेहद दुर्भाग्य पूर्ण है। वहीं कोतवाल जगदीश देउपा ने कहा कि पुलिस अपना काम कर रही है, शीघ्र ही अभियुक्त की गिरफ्तारी हो जाएगी। इस अवसर पर जानकी बिष्ट, सुमन मेहता, गोविंद मेहरा, मनोज वर्मा, आलोक, कमल बिष्ट, मोहन सनवाल, युवम वोहरा, दीक्षा सुयाल, नीमा बिष्ट, राधा बिष्ट, रेखा बिष्ट, विनीता करायत सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

# चिकित्सा देखभाल व कानूनी प्रणाली में फोरेंसिक नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण

ऋषिकेश। हिमालयन कॉलेज ऑफ नर्सिंग में हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के सहयोग से मंगलवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने चिकित्सा देखभाल और कानूनी प्रणाली में फोरेंसिक नर्सों की भूमिका को अहम बताया। मंगलवार को जौलीग्रांट स्थित एसआरएचयू के भगीरथी नर्सिंग सभागार में आयोजित सेमिनार का शुभारंभ किया गया। मुख्य वक्ता यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज दिल्ली के फॉरेंसिक मेडिसिन के प्रोफेसर डॉ. श्रीनिवास ने कहा कि चिकित्सा देखभाल और कानूनी प्रणाली के बीच की दूरी को कम करने में फॉरेंसिक नर्सों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

फॉरेंसिक नर्स उन रोगियों की देखभाल करने में सक्षम होती हैं, जो हिंसा, दुर्व्यवहार, यौन उत्पीड़न, मानव तस्करी और अन्य अपराधों से पीड़ित होते हैं। पंजीकृत नर्सों के रूप में फॉरेंसिक नर्सें अपने मरीजों का आंकलन और देखभाल करने के लिए साक्ष्य–आधारित अभ्यास और आघात–सूचित संचार का उपयोग करती हैं। फॉरेंसिक नर्स द्वारा पूरा किया गया मरीज का मूल्यांकन अदालत में सबूत बन सकता है और इसमें नर्स के नोट्स, ली गई तस्वीरें, एकत्र किए गए नमूने और पीड़ित द्वारा प्रदान की गई जानकारी शामिल है। नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. संचिता पुगाजंडी ने बताया कि सेमिनार फॉरेंसिक नर्सः एम्पावर्ड केयरगिवर की थीम पर आयोजित किया गया। उन्होंने साक्ष्य संग्रह, संकट हस्तक्षेप प्रबंधन, शारीरिक और मानसिक आघात का सामना करने वाले रोगियों के लिए विशेष चिकित्सा देखभाल में फॉरेंसिक नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com